



# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 205

ग्वालियर, मंगलवार, 14 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्मार्ट उद्यान में नीम का पौधा रोपा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट उद्यान में नीम का पौधा लगाया। खातेगांव विधायक अशीष शर्मा भी साथ थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान अपने संकल्प के क्रम में प्रतिदिन एक पौधा लगाते हैं। एंटीबायोटिक तत्वों से भरपूर नीम को सर्वोच्च औषधिके रूप में जाना जाता है। नीम स्वाद में भले ही कड़वा हो, लेकिन इससे होने वाले लाभ अमृत के समान होते हैं। पर्यावरण की दृष्टि से भी नीम बहुत उपयोगी है।

### सांप्रदायिकता और नफरत के सहारे चुनाव लड़ना भाजपा का एकमात्र तरकीबः उमर

**जम्मू (ए)।** नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) घोर सांप्रदायिकता और नफरत के एजेंडे पर चुनाव लड़ती रही है। वह मुस्लिमों के प्रति जहर उगलती रहती है। उनकी यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि सन 2017 से पहले सिर्फ 'अब्बा जान' कहने वालों को ही राशन मिलता था। योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तुष्टिकरण की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। सन 2017 से पहले क्या सभी राशन ले पाते थे? पहले केवल अब्बा जान कहने वाले ही राशन हजम कर रहे थे। उमर ने ट्वीट किया मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भाजपा की मंशा घोर सांप्रदायिकता और नफरत के अलावा किसी अन्य एजेंडे पर चुनाव लड़ने की नहीं है और उसका सारा जहर मुस्लिमों के प्रति होता है। यहां एक मुख्यमंत्री हैं, जो दोबारा यह दावा कर चुनाव जीतना चाहते हैं कि मुस्लिमों ने हिंदुओं के हिस्से का पूरा राशन खा लिया।

### फर्जी दस्तावेजों के साथ असम में पकड़े गए म्यांमार के 26 नागरिक

**गुवाहाटी (ए)।** असम पुलिस ने रविवार को बताया कि उसने म्यांमार के 26 संदिग्ध नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से फर्जी भारतीय दस्तावेज बरामद हुए हैं। वे यहां एक लाज में रुके हुए थे। पुलिस ने बताया कि उनके पास से आधार और मतदाता पहचान पत्र जैसे मिजोरम में बने जाली दस्तावेज बरामद किए गए। पुलिस अधिकारी ने बताया एक गुप्त सूचना के आधार पर, शहर के रिहाबारी इलाके में एक लॉज में छापेमारी की गई और (10 महिलाओं सहित)26 लोगों को पकड़ा गया। अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वे सभी म्यांमार के चिन राज्य के निवासी हैं और धर्मशास्त्र का अध्ययन करने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि उनके विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

### पेगासस जासूसी मामले पर केंद्र ने किसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल हुआ या नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (ए)।** पेगासस जासूसी मामले पर आज सोमवार को फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि कथित पेगासस जासूसी मामले में स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिकाओं पर वह विस्तृत हलफनामा दायर करने का इच्छुक नहीं है. केंद्र ने कहा कि उसके पास छिपाने को कुछ नहीं है और इसी वजह से उसने अपनी ओर से विशेषज्ञों की समिति का गठन करने की बात कही है. किसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल हुआ है या नहीं, यह सार्वजनिक चर्चा का विषय नहीं है. पेगासस जासूसी मामले पर सॉलिसीटर जनरल ने कहा, %याचिकाकर्ता चाहते हैं सरकार लिख कर दे कि वह सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करती है या नहीं. हमारा मानना है कि हलफनामा दाखिल कर इस पर बहस नहीं कर सकते. आईटी एक्ट की धारा 69 सुरक्षा के लिहाज से सरकार को निगरानी की शक्ति देती है. हम निष्पक्ष कमिटी बनाएंगे. इसपर सीजेआई ने कहा, हमें जानना है कि क्या कोई भी स्पाईवेयर का इस्तेमाल कर सकता है? क्या इसका इस्तेमाल सरकार ने किया? क्या यह कानूनी तरीके से हुआ? सरकार अगर हलफनामा दाखिल नहीं करना चाहती तो हमें आदेश पारित करना पड़ेगा.वहीं याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा, जेठमलानी केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जानकारी देना दोनों पक्षों का कर्तव्य है. 2019 में कहा गया था कि 120 लोगों की जासूसी की आशंका पर सरकार ने संज्ञान लिया है. व्हाट्सएप से जवाब मांगा गया है. इसका क्या हुआ? हमारा आरोप है कि सरकार जानकारी छिपाना चाहती है. फिर उसे कमिटी क्यों बनाने दिया जाए।

# राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रोजगार : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रोजगार है। राज्य सरकार कुछ ही दिनों में 1 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया आरंभ कर रही है। राज्य सरकार द्वारा रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ उद्यमिता, स्व-रोजगार को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। निजी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएँ हैं। इसे देखते हुए प्रदेश में औद्योगिक विकास और औद्योगिक निवेश की गति को तेज किया गया है। पिछले 17 महीने में कोरोना महामारी के बावजूद 384 इकाइयों को 840 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इससे 11 हजार करोड़ पूंजी निवेश और 22 हजार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश में कोरोना संकट की परिस्थितियों के बाजवूद औद्योगिक इकाइयों की संख्या में 48 प्रतिशत, भूमि आवंटन में 32 प्रतिशत, पूंजी निवेश में 33 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



मुख्यमंत्री श्री चौहान भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में गोकुलदास एक्सपोर्ट्स लिमिटेड की रेडीमेड गारमेंट्स इकाई के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने टेक्सटाईल पार्क अचारपुरा और विशेष शिक्षा क्षेत्र तथा औद्योगिक क्षेत्र अचारपुरा में जल आपूर्ति परियोजना कार्य का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, विधायक बैरसिया विष्णु खत्री, गोकुलदास एक्सपोर्टस के प्रबंध संचालक शिवराम कृष्ण गणपति तथा अधिकारी उपस्थित थे।

**स्थानीय व्यक्तियों को मिलेगा रोजगार, तीन चौथाई से अधिक महिलाएँ करेंगी कार्यः** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गोकुलदास एक्सपोर्टस द्वारा प्रस्तावित यह इकाई 10 एकड़ भूमि पर बनेगी। कंपनी द्वारा 110 करोड़ रूपये का पूंजी निवेश किया जाएगा, जिसमें 4 हजार से अधिक स्थानीय व्यक्तियों को रोज़गार उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही प्लांट में तीन चौथाई से अधिक महिलाएँ कार्य करेंगी। इस इकाई से ही लगभग 10 हजार लोगों को रोज़गार मिलेगा। अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र 146 हेक्टेयर भूमि पर विकसित है।

**उद्योगों को मिलेगा पर्याप्त जलः** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों को जल प्रदाय के लिए 16 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से नर्मदा जल प्रदाय पाइप लाइन योजना का लोकार्पण हुआ है। इससे लगभग 300 इकाइयों को प्रतिदिन 3 MLD जल प्रदाय किया जा सकेगा। उद्योगों को पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

**बैरसिया के बंदीखेड़ी और पातलपुर में भी लगेंगे उद्योगः** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अचारपुरा के साथ यहाँ से 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित बंदीखेड़ी ग्राम में उपलब्ध 200 एकड़ भूमि पर उद्योग विकसित किए जाएंगे। इसी प्रकार बैरसिया के निकट पातलपुर में उपलब्ध भूमि को कृषि आधारित उद्योगों के लिए चिन्हित किया गया है।

**ईज ऑफ डूईंग बिजनेस में प्रदेश ने लगाई लम्बी छलांगः** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश ने ईज ऑफ डूईंग बिजनेस में लम्बी छलांग लगाई है। प्रदेश अब देश में चौथे स्थान पर है। हमारा प्रयास है कि अगली रैंकिंग में मध्यप्रदेश का नाम टॉप तीन में हो। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए स्टार्ट योर बिजनेस इन थर्टी डेज जैसे कदम उठाए गए हैं।

## योगी सरकार को न जनता के मुद्दों की समझ न सरोकारः प्रियंका गांधी



**रायबरेली (ए)।** अगले साल 2022 में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने है और इसके चलते कांग्रेस भी सक्रिय हो गई है। संगठन की बैठकें तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचीं। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार को 'न जनता के मुद्दों की समझ है और न ही उनसे कोई सरोकार है, यह बस झूठे विज्ञापन और हवाई दावों की सरकार है।' कांग्रेस महासचिव एवं उत्तर प्रदेश मामलों की पार्टी प्रभारी प्रियंका गुरुवार की शाम उत्तर प्रदेश के दौरे पर आयी थीं और रविवार को वह कांग्रेस अध्यक्ष एवं अपनी मां सोनिया गांधी के निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली पहुंचीं तथा अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। प्रियंका ने फेसबुक और ट्विटर के माध्यम से योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए तीखा प्रहार किया। उन्होंने फेसबुक पर अपने पोस्ट में लिखा, 'पहले रोजगार के झूठे विज्ञापन देते पकड़े गए। अब इनके फ्लाईओवर व फैक?टरी की झूठी तस्वीरों वाले विज्ञापन की कलई खुल गई। उत्तर प्रदेश की जनता इनकी हवाई बातों की हकीकत समझ चुकी है और उत्तर प्रदेश में जनता सरकार तथा मुख्यमंत्री बदलने जा रही है।' प्रियंका ने ट्विटर पर लिखा, 'इनका (राज्य सरकार) काम ही है झूठे विज्ञापन देना। फर्जी लेखपाल बनाकर उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने का झूठ बोला और अब फ्लाईओवर तथा फैक्टरियों की फर्जी तस्वीरें लगाकर विकास के झूठे दावे कर रहे हैं। न जनता के मुद्दों की समझ है और न ही उनसे कोई सरोकार है।

# मोदी सरकार की प्रिय एजेंसी ईडी की ओर से आम आदमी पार्टी को पहला प्रेम पत्र दिया गया है : राघव चड्ढा

**नई दिल्ली (ए)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राघव चड्ढा ने कहा कि मोदी सरकार की प्रिय एजेंसी ईडी की ओर से आम आदमी पार्टी को पहला प्रेम पत्र दिया गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव को ईडी ने नोटिस जारी किया है। 22 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। नरेंद्र मोदी की सरकार को 7 साल से ज्यादा हो गए हैं, इन सालों में एक भी भाजपा नेता का नाम बताइए जिसे ईड़ी ने नोटिस भेजा हो। ईडी के मुख्यालय को लोक नायक भवन, खान मार्केट से दीनदयाल सड़क मार्ग पर शिफ्ट कर देना चाहिए। जिससे ईडी को आदेश लेने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। ओपीनियन पोल-सर्वे बता रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिससे भाजपा घबराई हुई है। भाजपा वालो गुड गवर्नेंस और ईमानदारी से काम करके लोगों का दिल जीतो, एजेंसियों के? घोड़े खोलकर नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक सुविधाजनक विपक्ष हुआ करती थी। जब उसको हटाकर आम आदमी पार्टी मुख्य विपक्षी दल बनी तब भाजपा को पता लगा कि असली चुनौती क्या होती है। भाजपा जब विरोधी राजनीतिक दल को चुनावों में हरा (इलेक्टोरल एसेसिनेशन) नहीं पाती? है तो किरदार की हत्या (कैरेक्टर एसेसिनेशन) करने की कोशिश करती है। भाजपा-कांग्रेस ने 2012-2013 से लेकर हर वित्तीय वर्ष में इनकम टैक्स, दिल्ली पुलिस, सीबीआई, चुनाव आयोग सहित सभी एजेंसियों से नोटिस भिजवाया है। सीबीआई-दिल्ली पुलिस ने सीएम अरविंद केजरीवाल के कार्यालय पर रेड की। इन मामलों में आज?तक कोई गड़बड़ी नहीं मिली।? उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर पर सीबीआई ने दो बार रेड की लेकिन आज तक चार्जशीट फाइल नहीं कर पाए। अब सीबीआई क्लोजर रिपोर्ट फाइल करनी पड़ रही है। इतने उत्पीड़न करने के बाद भी भाजपा को




नरेंद्र मोदी और अमित शाह की नाक के नीचे दिल्ली में चुनावों में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। ये दबदबा, ये हुकुमत, ये नशा ए दौलत, किराएदार हैं सब, घर बदलते रहते हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और विधायक राघव चड्ढा ने पार्टी मुख्यालय में आज एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का उत्पीड़न करने के लिए मोदी सरकार ने जो प्रक्रिया शुरू की थी, उसके तहत ईडी ने एक प्रेम पत्र लिखा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता को ईडी ने नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस ईडी ने 10 सितंबर 2021 को प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के तहत भेजा है। यह नोटिस ईडी के उप निदेशक राजाराम मीणा की तरफ से भेजा गया है। जिसमें 'आप' के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता को 22 सितंबर को सुबह 11.30 बजे ईडी कार्यालय आकर बयान दर्ज कराने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति है कि जब विरोधी राजनीतिक दल को चुनावों में हरा नहीं पाते हैं और राजनीतिक हत्या नहीं कर पाते हैं, तो किरदार की हत्या करने के लिए इस तरह के हमले किए जाते हैं। भाजपा की यह नीति चलने वाली नहीं है। एक बात स्पष्ट है कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता को देख भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतना डर और बौखला गए हैं कि अपनी सभी एजेंसियों के घोड़े खोल दिए हैं। सभी एजेंसियों को कहा है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं को बर्बाद करो। भाजपा खासकर पंजाब, उत्तराखंड, गोवा के विधानसभा चुनाव और अगले साल के अंत में गुजरात के चुनाव को लेकर बौखलाई हुई है। भाजपा ने अपनी सभी एजेंसियों के घोड़े खोलकर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के नेताओं का उत्पीड़न करने के लिए यह पूरी साजिश रची है। भाजपा को अब ईडी के लोक नायक भवन, खान मार्केट स्थित कार्यालय को शिफ्ट कर दीनदयाल सड़क मार्ग पर कमरा दिलवा देना चाहिए, जिससे कि भाजपा का मुख्यालय पास में होगा। ऐसे में ईडी के निदेशक और उपनिदेशक को आने-जाने और आदेश लेने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। यह इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि ईडी बीजेपी की प्रमुख संस्था के तौर पर काम कर रही है। ऐसा हो सकता है कि कुछ दिनों बाद भाजपा ईडी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी नियुक्त करे। क्योंकि एजेंसी सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक बदला लेने वाली बनकर रह गई है।







# जमीन कारोबारियों में संघर्ष, मोनू भगवती को पीटते हुए जुलूस निकालकर ले गए कोतवाली फाड़ दिए सारे कपड़े

### क्रॉस कायमी के डर से दोनों पक्षों ने किया देर रात थाने में राजीनामा

शिवपुरी।





जमीन कारोबारियों के बीच विवाद निरंतर हिंसक होता जा रहा है। तीन दिन पहले हुए विवाद में मोनू भगवती एण्ड कम्पनी ने पवन जैन और भाजपा नेता ओमी जैन को पीटा था। वहीं कल रात ओमी जैन एण्ड कम्पनी ने मोनू भगवती को जमकर लातों और घूसों से पीटा तथा उसके कपड़े फाड़ दिए। यहीं नहीं पीटते हुए दर्जनों लोग मोनू भगवती को कोतवाली तक लेकर आए। देखते ही देखते कोतवाली पर सैकड़ों लोगों की भीड़ एक-दूसरे के समर्थन में जुट गई और वहां पर भी माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। इसके बाद थाने पर पहुंचे टीआई बादाम सिंह यादव ने इस पर नाराजी व्यक्त करते हुए वहां मौजूद लोगों को पुलिस बल की सहायता से खदेड़ दिया और विवाद के केन्द्र बिंदू बने दोनों पक्षों के ओमी जैन, मोनू भवगती, पप्पी जैन, अक्षत जैन आदि को लॉकअप में बंद कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने साफ-साफ कहा कि यदि रिहाई चाहते हो तो एक ही शर्त ही कि दोनों पक्ष राजीनामा करें अन्यथा दोनों के खिलाफ क्रॉस मामला कायम किया जाएगा। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से पुलिस पर दबाव डाला गया। लेकिन पुलिस अधिकारी टस से मस नहीं हुए और देर रात 12 बजे आखिरकार दोनों पक्षों ने मध्यस्थतों की सहायता से थाने में राजीनामा किया। इसके बाद बिना केस बनाए दोनों पक्षों को रिहा कर दिया गया। लेकिन स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है,और कभी भी हिंसक संघर्ष गंभीर रूप धारण कर सकता है। यह सारा विवाद वायपास रोड़ स्थित एक जमीन से जुडा हुआ है। बताया जाता है कि ओमी जैन पक्ष के पवन जैन ने मोनू भगवती को एक जमीन का सौदा किया था। इस जमीन की रजिस्ट्री 4-6 माह पहले हो चुकी थी। लेकिन 15 लाख रूपए पवन जैन को मोनू भगवती से लेना था। जिसकी लिखा पढ़ी भी हो चुकी थी तथा मोनू भवगती ने चैक आदि भी पवन जैन को दे दिए थे। भाजपा नेता ओमी जैन बताते हैं कि जब मोनू भगवती अपने वायदे पर खरा नहीं उतरा तो उन्होंने मध्यस्थ बनकर दोनों पक्षों के बीच राजीनामा कराया। जिसमें तय हुआ कि तीन माह के भीतर मोनू भगवती बकाया रकम का भुगतान कर देगा। लेकिन ओमी जैन के अनुसार इसके बाद भी मोनू भगवती ने रकम नहीं दी और वह लगातार मामले को टालता रहा। जबकि उसने उक्त जमीन 7 लाख रूपए मुनाफे में बेच दी थी। इसके बाद ओमी जैन और पवन जैन दूसरे पक्ष के मोनू भगवती के नाई गली स्थित कार्यालय पहुंचे और उन्होंने रकम की मांग की। यहां दोनों पक्षों के बीच गर्मागरमी हुई और मोनू भगवती के पिता भगवती अग्रवाल ने कहा कि एक माह के अंदर वह रकम चुका देंगे। लेकिन इसी बीच मोनू भगवती ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि एक माह में भी हम आधी पौनी रकम ही दे पाएंगे। इस बात पर ओमी जैन आदि उग्र हो गए और विवाद इतना तीव्र हुआ कि मोनू भगवती आदि ने पवन जैन और ओमी जैन को पीट दिया। इस मामले में दोनों पक्षों के बीच कोतवाली में क्रॉस मामला कायम किया गया था।

### रविवार के विवाद में मयंक मिर्ची आया था मोनू भगवती के पक्ष में

रविवार शाम को मोनू भगवती और मयंक मिर्ची अचानक अपने साथियों सहित ओमी जैन के जैन मंदिर के पास स्थित निवास स्थान पर पहुंचे। जहां दोनों पक्षों के बीच फिर जबरदस्त गाली गलौच हुई। भाजपा नेता ओमी जैन का कहना है कि दूसरे पक्ष के लोग नशे में धुत्त थे और उन्होंने उनकी दुकान के बाहर खड़े होकर गालियां देना शुरू कर दी। इसके बाद ओमी जैन के पक्ष के आधा सैकड़ा लोग उग्र हो गए और बताया जाता है कि पहले उन्होंने मयंक मिर्ची को चांटा मारा और वह वहां से भाग निकला। मोनू भगवती के साथ आए अन्य लोग भी दूसरे पक्ष के उग्र और आक्रामक तेवर देखकर भाग निकले। लेकिन मोनू भगवती वहीं खड़ा रहा। इस पर ओमी जैन, पवन जैन आदि ने उसे दबोच लिया और फिर देखते ही देखते पीटना शुरू कर दिया। पीट-पीटकर उसके कपड़े फाड़ दिए और जुलूस की शक्ल में कोतवाली तक ले आए। हालांकि ओमी जैन का कहना है कि मैंने बीचबचाव किया अन्यथा लोग तो उसे पीट-पीटकर मार डालते।

### राजीनामा सिर्फ रविवार के विवाद का

कोतवाली में रविवार देर रात जमीन कारोबारियों के बीच जो राजीनामा हुआ है वह बताया जाता है कि सिर्फ रविवार के विवाद का है। ताकि केस न बने और किसी को हवालात की हवा न खानी पड़े। लेकिन अभी भी दोनों पक्षों के बीच तनातनी बनी हुई है।

## टूरिस्ट वेलकम सेंटर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**शिवपुरी।** जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में पर्यटक स्वागत केंद्र छत्री रोड पर प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में इस रविवार को भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल व वन परिक्षेत्र अधिकारी अतुल सिंह बघेल तथा मध्यप्रदेश राज्य सहकारी पर्यटन संघ के अध्यक्ष कुंवर अरविंद सिंह तोमर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश मिश्रा व मुकेश आचार्य ने किया। डीएटीसीसी के सदस्य महेंद्र सिंह राजावत होटल सुखसागर ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन शहर की प्रतिभाओं को गीत गायन, नृत्य, संगीत कला सहित अनेक कलाओं में निखारने व पर्यटन के विकास के लिए किया जा रहा है। जिसमें बच्चों सहित हर आयुवर्ग के लोगों द्वारा अपनी कला को प्रदर्शित किया जा सके। शिवपुरी जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, महिलाओं एवं पुरुषों के द्वारा इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी की जा रही है। इस रविवार को जेसीआई डायनेमिक महिला शिवपुरी द्वारा महिलाओं और बच्चियों के कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रविवार 27 सितंबर को आजादी का 75वां अमृत महोत्सव का आयोजन अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस के रूप में भव्य तरीके से आयोजित करने हेतु निर्णय लिया गया है, जिसमें शहर के प्रसिद्ध सामाजिक संस्था द्वारा अपनी सहभागिता दी जाएगी।

**अनमोल ने एकल नृत्य व विनीत शर्मा ग्रुप ने दी शानदार प्रस्तुति**

टूरिस्ट वेलकम सेंटर पर अनमोल भार्गव के शानदार नृत्य ने खूब वाहवाही लूटी। इसके बाद विनीत शर्मा अनलिमिटेड डांस ग्रुप ने भगवान शिव के तांडव स्त्रोत पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अलावा शिवांगी सिंह, देविका, सुरभि, आकृति तोमर, रौनक शर्मा, दिव्यांश, अंशिजा जैन, ?की खान, आशीष जैन, सचिन सेन, मयंक त्रिपाठी, पार्थ शर्मा, गुनगुन खटीक, वैष्णवी खटीक, विष्णु राठौर, नयांश दंडोतिया, अंशिका उपाध्याय, शुभ्रा, ऋषिवाला गौ?, अर्णव यादव, गरिमा, अन्वेशा तिवारी, मनस्वी जोशी, अपेक्षा त्रिवेदी, अंश उपाध्याय, परिणीति, अंतरा गौ? सहित अन्य कलाकारों ने गीत गायन व नृत्य

## पूरी टीम अभी से सक्रिय रहे और अभियान को सफल बनायें कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह

### जिले में 17 सितंबर को चलाया जाएगा महाअभियान, नजदीकी केंद्र पर जाकर टीकाकरण अवश्य करायें



शिवपुरी। प्रदेश के साथ शिवपुरी जिले में भी 17 सितंबर को टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा। कोविड से सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन जरूरी है इसलिए शत प्रतिशत वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। इस महाअभियान को लेकर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की और निर्देश दिए हैं कि अभी से पूरी टीम सक्रिय रहे और अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा है कि 17 सितंबर को वैक्सीनेशन महाअभियान सुबह 7 बजे से शुरू होगा। जिन्होंने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाई है वह अपने नजदीकी केंद्र पर जाकर वैक्सीन अवश्य लगवायें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वैक्सीनेशन टीम समय पर केंद्र पर पहुंचे। नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं वह अपने क्षेत्र में समय पर पहुंचे और व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस महाअभियान का प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे लोगों को जानकारी मिले।

**कंट्रोल रूम सक्रिय करने के निर्देश**

कंट्रोल रूम को सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर से ही कंट्रोल रूम के माध्यम से सूची वितरण, लोगों को कॉल करना, प्रचार प्रसार का काम शुरू किया जाए।

**कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्यवाही**

बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वैक्सीनेशन महाअभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी स्तर पर कोई भी अधिकारी कर्मचारी यदि कार्य में लापरवाही बरतते हैं तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## बीएलओ, शिक्षक और स्थानीय स्तर का अमला मौजूद रहे, कलेक्टर ने दिए निर्देश

शिवपुरी।

17 सितंबर को वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जाएगा। इस महाअभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच पी वर्मा, अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर दिनेश शुक्ला, समस्त एसडीएम और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बैठक में निर्देश दिए हैं कि वैक्सीनेशन महाअभियान में स्थानीय स्तर पर तैनात अमले की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए बीएलओ, शिक्षक, ग्राम रोजगार सहायक सहित आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान उपस्थित रहें। स्थानीय अमले द्वारा सक्रिय रूप से काम किया जाएगा तभी यह अभियान सफल होगा। उन्होंने कहा है कि स्थानीय स्तर का अमला समस्त नोडल अधिकारियों से संपर्क करे। टीम द्वारा लोगों को वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक किया जाए ताकि जो लोग वैक्सीनेशन से शेष रह गए हैं वह भी केंद्र पर पहुंचकर वैक्सीन लगवायें।

**बैठक कर अमले को निर्देशित करें**

बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी द्वारा बीआरसीसी, बीएलओ और शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित कर अभियान ने बारे में उन्हें जानकारी दें और निर्देशित करें। इसी प्रकार सचिव ग्राम रोजगार सहायक को भी प्रशिक्षण देकर निर्देशित किया जाए।

## बिजली गिरने से बालक पिंटू की संदिग्ध मौत



शिवपुरी।

नरवर थाना क्षेत्र के मगरौनी तहसील में 10 वर्षीय पिंटू पुत्र राजू बाथम की बिजली गिरने से संदिग्ध मौत हुई है। उसका शव कन्या छात्रावास के पास स्थित तालाब के किनारे मिला और ऐसी आशंका है कि बिजली गिरने से उसका प्राणांत हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार पिंटू बाथम शनिवार को अपने मित्रों के साथ घर से खेलने के लिए निकला। सीसीटीव्ही फुटेज में वह अपने दोस्तों के साथ जाता हुआ दिख रहा है। लेकिन इसके बाद वह अपने घर लौटकर नहीं आया। शनिवार देर रात उसका शव तालाब के किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने मौत को संदिग्ध मानते हुए मामला जांच में ले लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जांच में प्रथम दृष्टि में पता चला है कि जब पिंटू अपने दोस्तों के साथ जा रहा था, तो वह पीछे रह गया और दोस्त आगे बढ़ गए। इस कारण पिंटू अपने चाचा की झोंपडी में रूक गया और उस समय बारिश हो रही थी। इस दौरान आस पास कहीं बिजली गिरी और पिंटू उसकी चपेट में आ गया। उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं है और ऐसे में प्रतीत होता है कि पिंटू की मौत बिजली के शॉर्ट के कारण हुई होगी।

### इनका कहना है

मैंने बच्चे के शव का पूरा परीक्षण किया है। उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे। पीएम करने वाले डॉक्टर का अनुमान है कि बिजली के झटके के कारण मौत हो सकती है।

## 21 सिक्ख सैनिको के अदुभुत पराक्रम और शौर्य और बलिदान की अमर निशानी हैं सारांगढी

शिवपुरी।



12 सितम्बर 1897 को 21 सिक्ख सैनिकों ने ईश्वर सिंह के नेतृत्व में 13 हजार से अधिक अफगानी आताताहियों से मुकाबला किया था और 400 से अधिक आक्रांताओं को मारकर इतिहास रचा था। आज हम उन पराक्रमी सैनिकों का स्मरण करने के लिए और उन बलिदानियों को श्रद्धा के पुष्प अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं। उक्त उदगार ऐतिहासिक सारागढ़ी युद्ध स्मृति दिवस पर शिवपुरी गुरूद्वारे में आयोजित व्याख्यान माला में साहित्य परिषद शिवपुरी के जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने व्यक्त किए। व्याख्यान माला को ज्योति मजेजी और सिक्ख संगत के सुरेंद्र सिंह बॉबी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भारतीय सेना में सेवाएं देकर निवृत हो चुके गुरदीप सिंह और गोविंद सिंह का सरोपा भेंट कर तथा शॉल औढ़ाकर अभिनंदन किया गया। व्याख्यान माला में आशुतोष शर्मा ने बताया कि जिस तरह गुरू गोविंद सिंह जी ने अपने साहबजादों और अनुयायियों के साथ जो इतिहास चमकोर के युद्ध में रचा था उसी इतिहास की पुर्नावृति सारागढ़ी के युद्ध में ईश्वरसिंह के नेतृत्व में सिक्ख सैनिकों ने की थी। 6 घंटे तक चले इस युद्ध में आक्रांताओं को अपने रण कौशल से वह पीछे ढकेलने तथा उनके मनसूबों को ध्वस्त करने में सफल रहे। लेकिन दुर्भाग्य की बात तो यह है कि इस युद्ध को विदेशों में तो याद किया जाता है। लेकिन भारतीय पाठ्यक्रम में इसका कहीं जिक्र नहीं था। व्याख्यान माला में ज्योति मजेजी ने मांग की कि फतेहसिंह और जौरावर सिंह के बलिदान दिवस पर बाल दिवस मनाया जाए। ताकि बच्चे उनके जीवन से प्रेरणा लें। अपने उदबोधन में सुरेंद्र सिंह बॉबी ने कहा कि सारागढ़ी युद्ध में वीर सैनानियों ने गुरू गोविंद सिंह के दिखाए मार्ग पर चलते हुए अपना कौशल दिखाया था। सेवानिवृत सैनिकों का सम्मान राम पंडित, सकुन शिवपुरी, विजय भार्गव, सुनील बंसल और त्रिलाचेन जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकास शुक्ल ने किया। वहीं आभार ज्ञापित रंजिता पाटिल द्वारा किया गया।

## बाल गोपालो अपनी पॉकेट मनी खर्च कर मना रहे हैं उत्सव


**शिवपुरी।** पिछले 2 साल से कोरोना के संक्रमण के कारण त्यौहारो की रौनक गायब हो गई थी, लेकिन इस बार के विघ्नहर्ता के उत्सव में कोई विघ्न नहीं हैं, शिवपुरी जिले में वर्तमान समय में एक भी मरीज संक्रमित नहीं हैं इसलिए इस वर्ष शिवपुरी जिले में विनायक के त्यौहार की धूम हैं। छोटे बच्चो में इस वर्ष अधिक उत्साह देखने को मिल रहा हैं,शिवपुरी के बाल गणेश मंडल के छोट छोटे बच्चो ने अपनी पॉकेट मनी खर्च कर श्रीजी की प्रतिमा खरीदी है और वह झांकी भी प्रतिदिन लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार शिवपुरी शहर के ग्वालियर बाईपास पर स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलानी के बाल गणेश मंडल के बच्चो ने आकृषक श्रीगणेश को स्थापित किया हैं। इस मंडल में 6 साल से लेकर 17 साल तक के बच्चे हैं। इस मंडल के बच्चो की उत्साह देख कर कॉलानी की कई महिलाओ ने भी इस उत्सव को मनाने के लिए अर्थिक मदद की। बच्चो ने बताया कि पिछली साल कोरोना के कारण हम इस उत्सव को धूमधाम से नही मना सके थे। इस बार हम सभी बच्चो ने अपनी 2 माह की पॉकेट मनी को जोडा है। इस पोकेट मनी के पैसे से ही हम श्रीगणेश की प्रतिमा को लेकर आए है। बच्चो ने कहा कि हम प्रतिदिन सुंदर झांकी बनाते हैं,रविवार को बच्चो ने शिव परिवार की झांकी लगाई। बच्चो से पूछा गया कि इस उत्सव में कितना खर्चा आऐगा। बच्चो ने बताया कि लगभग 7 दिन अचंल झांकी लगाई जाऐगी। हम प्रतिदिन 1 हजार रूपए की स्वरूपो की ड्रेस किराए से आत हैं। इस उत्सव मे हमारा लगभग 30 हजार रूपए खर्च होगें। अपनी कॉलोनी के बच्चो के इस उत्साह को देखते हुए कॉलानी की महिला आगे आई ओर बच्चो को गणेश उत्सव के लिए आर्थिक मदद की।

## पुरानी रंजिश को लेकर मुन्ना यादव के घर में घुसकर गोली मारने वाले हत्यारे गिरफ्तार, 1 आरोपी नाबालिग

करैरा।




करैरा थाना क्षेत्र के ग्राम ढंगा में प्रतिपाल यादव उर्फ मुन्ना यादव के घर में गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपियो को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया हैं। पुरानी रंजिश को लेकर मुन्ना यादव के घर में आरोपी घुस गए और अपनी बदूंको से फायर कर दिए। इस हत्याकाण्ड में पुलिस ने 6 आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर किया था। जिसमें सोमवार को 3 आरोपी को गिरफ्तार किया हैं,जिसमे से एक आरोपी नाबालिग हैं। जैसा कि विदित है कि बीते 3 सितबंर की रात ढंगा निवासी प्रतिपाल यादव उर्फ मुन्ना यादव जब अपने घर पर था, तभी 6 आरोपी हथियार लहराते हुए उसके घर में घुसे और मुन्ना को गालियां देते हुए ललकारा तथा बंदूक और कट्टों से फायरिंग शुरू कर दी। जिससे घर में मौजूद लोगो में भगदड़ मच गई। बताया जा रहा है कि इस गोली काण्ड में मुन्ना यादव के सिर ओर पीठ में गोली लगी। पीठ की गोली छाती को फाडकर निकल गई। बारदात की सूचना तुरंत पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मुन्ना यादव को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मुन्ना को मृत घोषित कर दिया। मुन्ना के शरीर में दो जगह गोली आर पार हुई है तथा उसका पूरा शरीर खून से लथपथ है। थाना प्रभारी अतिम भदौरिया ने बताया कि मृतक के पुत्र शिवम यादव ने 6 लोगों के खिलाफ अप.क्र. 489/21 धारा 302, 294, 147, 148, 149 के तहत मामला दर्ज कर लिया था। करैरा पुलिस ने इन 6 आरापियो की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए थे। करैरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की इस हत्याकाण्ड में लिप्त आरोपी दिनारा तिराहे पर देख गए हैं।

# फिर आ गया डेंगू का डंक

## डेंगू पर नियंत्रण हेतु (र) अभियान 15 से

भिण्ड। आरंम्भ जनअभियान प्रारंभ किये जाने हेतु मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा डेंगू नियत्रंण अभियान 15 सितम्बर 2021 से का प्रारम्भ किया जायेगा। जिसमें मच्छर जन्य परिस्थितियों के उपायों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिससे मलेरिया वर्करों द्वारा डेंगू निरोधक गतिविधियों पर जोर दिया जायेगा। हुये बताया कि बर्षाकाल का समय वेक्टर जनित, जल जनित रोगों एवं संक्रमित बीमारियों का समय होता है। जिसके बचाव हेतु 15 सितम्बर 2021 से जनजागरूक अभियान चलाया जायेगा।



## भिण्ड में डेंगू का पहला केस, युवक की मौत

भिण्ड। मध्य प्रदेश के अन्य शहरों के साथ डेंगू के दंश का प्रकोप अब भिंड जिले में आ पहुंचा है। जिले में डेंगू से मौत का साल का पहला केस सामने आया है। डेंगू बीमारी के लक्षण मिलते ही युवक को उपचार के लिए सीएमएचओ ने ग्वालियर के लिए रेफर किया था जिसे जेएएच में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। हालांकि जिला अस्पताल प्रबंधन इस मामले से डेंगू से मौत होने की पुष्टि पर जांच रिपोर्ट मिलने के बाद करेगा।

आर्य नगर निवासी संजीव थापक (35) पुत्र देवेंद्र थापक पिछले दस दिन से मलेरिया बीमारी से पीड़ित थे। वो जिला अस्पताल के चिकित्सकों से लगातार उपचार ले रहे थे। दो दिन पहले प्लेट्स कम होने की शिकायत होने पर जांच कराई। जिस पर डेंगू के लक्षणों की पुष्टि हुई थी। इसके बाद संजीव थापक को उपचार के लिए परिजन ग्वालियर लेकर रविवार को पहुंचे और जयारोग अस्पताल में भर्ती कराया। यहां मरीज का उपचार शुरू हो चुका था। सोमवार की सुबह संजीव की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने चिकित्सकों को सूचना की। चिकित्सक आने से पहले संजीव ने अंतिम सांस ली। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को परिजनों को सौंप दिया। मृतक के छोटे भाई आशीष थापक ने इस खबर की पुष्टि की है। मृतक संजीस थापक फोटो स्टूडियो पर काम करता था। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। एक बेटी व एक बेटा है।

## कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को कोविड 19 के बचाव और दिशा निर्देश कराया पालन




भिण्ड। शा. हाईस्कूल रछेड़ी में कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को कोविड-19 से बचाव हेतु स्कूल हैडमास्टर एवं स्टाफ द्वारा जागरूकता के साथ पालन कराया जा रहा है। बता दें कि स्कूल में प्रवेश से पहले छात्रों के शरीर का तापमान लेकर, मास्क एवं सैनेटाइजर का प्रयोग कराया जाता है। छात्रो का बुखार नापने के लिए इन्फ्रारेड थर्मामीटर का प्रयोग, ऑक्सीजन लेबल मापने के लिए पल्स ऑक्सिमेटेर का प्रयोग, ओर सेने टाइजर की 5 किलो की केन जिससे उपस्थित छात्रो को सेनेटाइज किया जा सके। ये सब सामग्री, मिडिल स्कूल के प्रभारी रामसंजीवन भारद्वाज ने एसएमसी के मद में आसपास की खोज में प्राप्त राशि 3000 से क्रय की है। हालांकि ये राशि मध्यप्रदेश के सभी स्कूलों में गत सत्र में प्राप्त हुई थी। आसपास की खोज के मद में जो राशि प्राप्त हुई थी उस राशि का प्रयोग मिडिल स्कूल के छात्रो को आसपास के क्षेत्रों में घुमाने में व्यय करना थी ,लेकिन कोविड ओर लॉकडाउन के चलते छात्रो को कही घूमाने नही ले जा सकने के कारण इस राशि का सदुपयोग कोविड 19 का जारी एसओपी के पालन हेतु सामग्री ऋय करने में की गई। इस सामग्री को ऋय करने के लिए एसएमसी में ठहराव प्रस्ताव लिखा गया और सामग्री ली गई। ठीक उसी से प्रकार से जिस प्रकार कुछ हेडमास्टर छात्रो को घुमाने का फर्जी प्रस्ताव डालकर, इस राशि का चेक काटकर फर्जी बिल लगा देते है। ओर राशि समाप्त कर दी जाती है, लेकिन हमारे मिडिल स्कूल के प्रभारी हेडमास्टर श्री भारद्वाज ने इस राशि का कोविड 19 के तहत सामग्री ऋय कर राशि का सदुपयोग किया।

## बुढवा मंगल आज भक्तों का उमड़ेगा सैलाव



भिण्ड। पवनसुत, केसरी नंदन, अंजनी पुत्र और संकर सुवन, आदि नामों से पूज्य भगवान हनुमान जी महाराज का पूजन करने को बुढ़वा मंगल पर सोमवार की रात से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। जिले के प्रसिद्ध दंदरौआ हनुमान मंदिर हो या फिर जामना हनुमान मंदिर बजरिय,नबादा बड़े हनुमान मंदिर, मंशापूर्ण हनुमान मंदिर श्रद्धालु हर जगह प्रभु का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना करेंगे। भिण्ड जिला प्रशासन ने कोरोना के चलते गाईड लाईन जारी की है, जिसमे श्रद्धालुओं को मास्क पहनकर ही मन्दिर में प्रवेश दिया जाएगा, साथ ही मन्दिर समितियों को निर्देश दिए हैं उचित दूरी बनाकर की दर्शन की व्यवस्था की जाए।

**क्या है बुढ़वा मंगल विशेषता?**

भाद्रपद माह के आखिरी मंगलवार को बुढ़वा मंगल होता है। कहा जाता है कि इसी दिन हनुमान जी ने रावण की लंका का दहन किया था। हनुमान जी इसी दिन अपने विराट स्वरूप में आए थे। इसलिए इस दिन उनके दर्शन करना हितकारी माना जाता है। विधि विधान से उनका पूजन करने से भक्त के कष्ट दूर होते हैं और समृद्धि की प्राप्ति होती है। उनके दर्शन करने मात्र से लोगों की मनोकामना पूरी हो जाती है। लोग इस दिन व्रत करते हैं और बजरंगबली को सिंदूर का वंदन का लेप लगाते हैं। इसके अलावा घरों में सुंदरकांड पाठ आदि करते हैं।

## मालनपुरवासी नगर परिषद मालनपुर में परिवार आईडी करायें ट्रांसफार्मर



भिण्ड। नगरीय क्षेत्र मालनपुर के सभी नागरिकों को मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश जगनेरिया ने अपील की है कि नगर परिषद मालनपुर का गठन हो चुका है नगरीय क्षेत्र मालनपुर में जो ग्राम पंचायत सम्मिलित हुए हैं उन ग्राम पंचायतों के आम लोगों की परिवार आई डी ग्राम पंचायत से नगरीय क्षेत्र में स्थानांतरित होना है । जिन लोगों की परिवार आई डी ट्रांसफर नहीं हुई है वह व्यक्ति मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद मालनपुर के नाम से आवेदन के साथ अपनी परिवार आई डी को जमा करा कर अपनी आई डी नगरीय क्षेत्र में स्थानांतरित कराकर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## मन्दिर पर झण्डा लगा रहे युवक को लगा इलैक्ट्रिक शॉक, घायल



भिण्ड। जिला भिण्ड के थाना ऊमरी क्षेत्र अंतर्गत पंचमुखी हनुमान मंदिर टोल नाके के पास इलैक्ट्रिक शॉक लग जाने से एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया है । घायल को अस्पताल ले जाने हेतु पुलिस सहायता की आवश्यकता है । घटना की सूचना एक स्थानीय व्यक्ति ने 13 सितम्बर राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दी। सूचना प्राप्ति पर कंट्रोलरूम ऑपरेटर आरक्षक करन सिंह द्वारा तत्काल भिण्ड जिले की डायल-100 वाहन क्र.03 को घटना का विवरण देकर मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-100 एफ.आर.व्ही. मे तैनात आरक्षक प्रताप कुमार और पायलेट प्रमोद कुमार द्वारा घटना स्थल पर पहुँचकर व्यक्ति को तत्काल एफ.आर.व्ही. वाहन से ले जाकर जिला चिकित्सालय भिण्ड मे उपचार हेतु भर्ती कराया गया। एफ.आर.व्ही. स्टाफ ने बताया कि 37 वर्षीय नवल सिंह पुत्र शिवराम सिंह निवासी ग्राम भारौली जो अखंड रामायण पाठ हेतु मंदिर आये थे। मंदिर के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आ जाने से घायल हो गए है । जिला अस्पताल में उनका उपचार किया जा रहा है। घटना की जाँच स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

## ´ •/Ł æ • / ˛ · Ø



भिण्ड। पिता की मौत की खबर सुनकर बेटी जब अपने मायके जा रही थी। पिता की मौत के सदमे में बेसुध बाइक पर बैठी बेटी ब्रेकर पर असंतुलित होकर सड़क पर जा गिरी, जिससे सिर में गंभीर चोट आई। इसके बाद अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो गई। मेहगांव थाना पुलिस ने महिला की मौत पर मर्ग कायम कर लिया।

नीलम(45) पत्नी गोविंद शर्मा का मायका मेंहगांव के पास रमपुरा में है। पिछले कुछ दिनों से नीलम के पिता बीमार चल रहे थे। महिला, पिता की हालत को देखने के लिए शुक्रवार को मायके पहुंची थी। परंतु पिता की हालत में सुधार होने नहीं हुआ। वो शनिवार की दोपहर मायके से अपनी ससुराल पहुंच गई। इधर, पिता का निधन हो गया। यह सूचना नीलम के भाई ने उसे फोन पर दी। पिता की मौत की खबर सुनकर ससुराल में ही नीलम सुधबुध खो बैठी। उसका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इसके बाद नीलम अपने भतीजे के साथ बाइक पर सवार होकर स्योंड़ा से मायके रमपुरा के लिए रवाना हुई। मायके जाते समय मेहगांव में स्पीड ब्रेकर पर तेज रफ्तार बाइक का संतुलन बिगड़ गया।

बाइक असंतुलित होते ही नीलम सिर के बल सड़क पर जा गिरी। इसके बाद भतीजे रवि ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस 108 एम्बुलेंस की मदद से नीलम को सामुदायिक अस्पताल मेंहगांव लेकर पहुंची। यहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रैफर किया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही नीलम ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। यह सूचना मृतक महिला के मायके पक्ष के लोगों को भी लग गई। परंतु भाई व अन्य सगे संबंधी ने पहले नीलम के पिता का अंतिम संस्कार कराया इसके बाद नीलम के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए स्योंढ़ा पहुंचे।

## गोरमी तहसील के अंतर्गत मौरछट मेला संपन्न



मेहगांव। गोरमी तहसील के अतंर्गत ग्राम पंचायत मेहदौली मे आज मौर छट मेले का आयोजन सौहार्दपूर्ण संपन्न हुआ। ग्रामीण बुजुर्गो की माने तो मौर छट मेला काफी लंबे समय से संचालित होता आ रहा है। जिस स्थान पर मेले का आयोजन किया जाता है उपरोक्त स्थान हनुमानजी मंदिर खैरापति के नाम से सुबिख्यात है जहां दूर दूर से लोग हनुमानजी महाराज की शरण मे आकर अपना जीवन सफल बनाने पूजा अर्चना करते है जहां हर मंगलवार शनिवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड रहती है। हनुमानजी मंदिर परिसर मे मनुहारी श्रीराम जानकी मंदिर स्थित है

खैरापति हनुमानजी का विग्रह अपने आप मे बडा ही मनोरम और अलौकिक है जानकर श्रद्धालुओं की माने तो विग्रह के दर्शन सुबह शाम दोपहर मे लगातार करने बालो को विग्रह मे परम आनंद की अनुभूति होती है हनुमानजी की प्रतिमा अपने अलग अलग रुपो मे परिभाषित प्रतीत होती है। खैरापति हनुमानजी महाराज की सबसे बडी बिशेषता यह है कि एक बार दर्शन करने बाले भक्त को हनुमानजी अवश्य बुलाते है। यहां यह बताना मुनासिब होगा ग्राम पंचायत सरपंच अजीत तिवारी व्दारा हाल ही मे नव निर्माण तालाब मे महिलाओं द्वारा अपने बेटे और बैटियो की शादी के बाद यहां मौर विसर्जन किया जाता है। इससे पहले मौर विसर्जन को लेकर महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पडता था इसी परेशानी को देखते हुऐ सरपंच व्दारा पक्के तालाब के निर्माण की योजना को साकार रुप देकर बीते साल नव निर्मित पक्के तालाब के उदघाटन समारोह मे खनैता रघुनाथ जी मंदिर श्री श्री 1008 संत शिरोमणि बिजयरामदास जी महाराज परम प्रिय शिष्य श्री श्री 1008 रामभूषण दास महाराज जी के कर-कमलो संपन्न कराया गया। नव निर्मित तालाब के चारो तरफ पक्की सीढियां व चारो और रैलिगं लगाई गई जिससे किसी को तालाब मे नीचे उतरे या ऊपर चढने मे कोई कठिनाई न हो सके। तालाब के ऊपरी हिस्से को परी तरह से रैलिगं लगाकर उसमे फाटक लगाऐ गये जिससे किसी मवैसी आदि को अंदर प्रवेश करने से कोई घटना दुर्घटना न हो।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ शुभारम्भ

**- नौनिहालों को एडवेंडाजॉल की टेबलेट खिलाई गई**

भिण्ड। सोमवार को ''राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस'' का शुभारम्भ 01 बर्ष से 19 तक के बच्चों को एडवेण्डाजॉल की टेबलेट खिलाकर किया गया। सम्पूर्ण जिले में आशा कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर भ्रमण के दौरान बच्चों को कृमि नाशक गोली खिलाई। डॉ. अजीत मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भिण्ड ने बताया कि एडवेण्डाजॉल पेट के कीड़े मारने में इस्तेमाल की जाती है। जिस बच्चें के पेट में कीड़े होते उसका शारीरिक विकास नहीं हो पाता है। अतः डॉ मिश्रा ने जनसामान्य से अपील की है कि वे अपने 1 से 19 बर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि नाशक गोली अवश्य खिलवाऐं।

## पीड़ित ज्ञान सिंह बघेल को इंसाफ दिलाने के लिये पाल बघेल समाज आज सौंपेगा ज्ञापन

**दबंगों के दबाव पर पुलिस ने पीड़ित ज्ञान सिंह बघेल की जानवरों की तरह पीटने का मामला**



लहार। पीड़ित ज्ञान सिंह बघेल को इंसाफ दिलाने के लिये पाल बघेल समाज की अगुबाई में 14 सितम्बर दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे तहसील परिसर लहार में समस्त पाल बघेल समाज की अगुबाई में महामहीम राज्यपाल के नाम लहार एसडीएम को ज्ञापन सौपा जायेगा यह जानकारी पाल बघेल समाज संगठन की ओर से पाल युवा संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजाभैया पाल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में जारी की गई । इस सबंध में रास्ट्रीय प्रवक्ता राजाभैया पाल ने बताया कि पीड़ित ज्ञान सिंह बघेल को रावतपुरा थाना पुलिस द्वारा थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कमेरे बन्द करके फरियादी ज्ञान सिंह बघेल को उनकी पत्नी के सामने पुलिस आरक्षकों ने मिलकर बुरी तरह प्रताड़ित कर अर्धनग्न करके उनकी पीटा है जिसमे समूचे बघेल समाज मे रोष व्याप्त है और प्रदेशभर में जिले एवं तहसील स्तर पर ज्ञापन सोपे जा रहे है। जिसको लहार में बघेल समाज द्वारा रैली एवं ज्ञापन सौपा जायेगा। वहीं बघेल समाज के नेता पूर्व सरपंच जगमोहन सिंह बघेल चांदा ने बताया कि किसी भी प्रकार से बघेल समाज पर अन्याय अव बर्दाशत नही किया जायेगा। वही उन्होंने समस्त बघेल समाज से अपील की है भारी संख्या में लहार पहुँचे जहां मंगलम गार्डन लहार में समाज के सभी भाई एकत्रित होंगे जहाँ से पैदल चलकर लहार तहसील परिसर में महामहीम राज्यपाल के नाम लहार एसडीएम को ज्ञापन सौपा जायेगा। आयोजित कार्यक्रम में ग्वालियर, भिंड मुरैना, शिवपुरी, दतिया जिलों से लोग शामिल रहेंगे। अपील करने बालो में मुख्य रूप से पूर्व सरपंच सुखदीन बघेल, पूर्व सरपंच चन्द्रशेखर बघेल, लहार युवा अध्यक्ष संजीव सिंह बघेल समेत समस्त बघेल समाज के लोग शामिल है।

## भाजपा की जिला बैठक संपन्न

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा और समर्पण के रूप में कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ केंद्रों पर बनाकर भाजपा को करें मजबूत : बहादुर सिंह चौहान**



भिण्ड। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा और समर्पण अभियान को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए एवं भारतीय जनता पार्टी के संगठन के शिल्पकार पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय श्री कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष, संगठन पर्व के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को निचले स्तर तक प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए आज सागर में धर्मश्री स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई भिंड की बैठक, मैं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के उपाध्यक्ष चंबल संभाग के प्रभारी बहादुर सिंह चौहान एवं विधायक। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं चंबल संभाग एवं विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन के शिल्पकार पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय श्री कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष को भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के तहत वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर, पार्टी में राष्ट्रवादी सेवाभावी एवं परिश्रमी कार्यकर्ताओं को बढ़ने का कारण का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत देश को विश्व पटल पर गौरवान्वित करने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 71 वां जन्मदिन 17 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी सेवा और समर्पण अभियान चलाकर 7 अक्टूबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री कार्यकाल के 20 वर्ष पूर्ण होने जा रहे, सेवा व समर्पण अभियान के तहत होने वाले लगभग सभी कार्यक्रमों को बूथ स्तर एवं मंडल स्तर पर प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए दायित्व वान पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रवास कर बैठ के आयोजित कर समन्वय के साथ कार्यक्रम को बूथ स्तर पर एवं मंडल स्तर पर प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए लक्ष्य लेकर कार्य करें। जिससे निश्चित रूप से कार्यक्रम प्रभावी रूप से सफल होगें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जानी जाती है पार्टी में कार्यकर्ताओं को व्यवस्था के तहत कार्य करने के लिए दायित्व दिया जाता है कार्यकर्ता अपने अपने दायित्व पर शत.प्रतिशत खरे उतरने के लिए लक्ष्य बनाकर कार्य करें, जिससे पार्टी संगठन की मंशा अनुसार कार्यक्रम प्रभावी रूप से सफल होंगे। पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक चौहान ने दायित्ववान कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए हर हाल में अपने अपने दायित्व वाले क्षेत्र में प्रवास पर रहकर बैठक आयोजित कर समन्वय के साथ कार्यक्रमों को निचले स्तर तक उतारने के लिए लक्ष्य बनाकर कार्य करें। भाजपा की जिला स्तरीय बैठक को प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया जी कहा कि सेवा ही समर्पण संगठन की विचारधारा कहलाता है जो कि कार्यकर्ता अपने परिश्रम पराकाष्ठा और ईमानदारी लगन के साथ संगठन की विचारधारा के लिए काम करता है जिससे उसका उत्पादन होता है। उन्होंने कहा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी सब समाज को साथ लेकर निरंतर आगे बढ़ गई है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय मिशन के साथ केंद्र और राज्य की सरकारें काम कर रहे हैं केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पार्टी कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। बैठक में पूर्व सांसद प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में अशोक अर्गल शिव शंकर समाधिया पूर्व विधायक प्रसाद सिंह पूर्व विधायक अवधेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट श्रीमती कृष्णकांता तोमर पूर्व जिला अध्यक्ष रवि सेन जैन पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे देवेंद्र सिंह नरवरिया मंचासीन थे।

# मोदी की चिंता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13वें ब्रिक्स सम्मेलन में संसाधनों के साझा इस्तेमाल पर जोर देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लडऩे की जरूरत है। अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता आने के बाद भारत की आतंकवाद को लेकर चिंता बेमानी नहीं है। तालिबान को पालने में पाकिस्तान और चीन जिस तरह से गंभीरता दिखा रहे हैं, उसे देखते हुए वैश्विक समुदाय को आगे आना होगा। यह इसलिए क्योंकि ढाई दशक पहले जब तालिबान ने सत्ता पर कब्जा किया था तब भी उसे पाकिस्तान ने समर्थन दिया था। आज भी पाकिस्तान का तालिबान को खुला समर्थन है, लेकिन ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि अबकी बार चीन, रूस, बांग्लादेश जैसे कई और मुल्क भी तालिबान को समर्थन देने से परहेज नहीं कर रहे। अफगानिस्तान के हालात पर ब्रिक्स में भारत ने जो चिंताएं रखी हैं, उनका सरोकार सभी देशों से है। ज्यादातर देश किसी न किसी रूप में आतंकवाद और मुल्कों के टकराव से होने वाली अशांति के खतरों से जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा है कि अफगानिस्तान के हालात न सिर्फ क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी गंभीर चुनौती बन गए हैं। भारत ने एक फिर दोहराया है कि अब किसी भी तरह से दुनिया से आतंकवाद का खात्मा करना होगा। अफगानिस्तान के घटनाक्रम से सबसे ज्यादा जो देश प्रभावित हुए हैं उनमें भारत भी है। भारत ने जिस सबसे गंभीर मुद्दे पर वैश्विक समुदाय का ध्यान खींचा है वह आतंकी संगठनों को बढ़ावा देने वाले देशों को लेकर है। सवाल है कि इन देशों से निपटने की रणनीति क्या बने? अफगानिस्तान के हालात बता रहे हैं कि आतंकवाद से निपटने में अगर वैश्विक समुदाय ने इच्छाशक्ति नहीं दिखाई तो भविष्य में हालात और बदतर होते चले जाएंगे। दूसरे और देश भी आतंकवाद की जद में आते जाएंगे। गंभीर होते जा रहे हालात में भारत ने यह भी दोहराया है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों पर कार्रवाई के लिए बनाए गए वित्तीय कार्रवाई कार्यबल को और सशक्त बनाने की जरूरत है। गौरतलब है कि इस बल ने पाकिस्तान को निगरानी सूची में डाल रखा है। यह तो पूरी दुनिया जान रही है कि दूसरे देशों की तरह भारत भी लंबे समय से सीमापार आतंकवाद की मार झेल रहा है। अब तक अमेरिका के साथ भारत भी यही कहता रहा है कि पाकिस्तान आतंकियों के प्रशिक्षण का वैश्विक केंद्र है। अनुभव भी यही बता रहा है कि अफगनिस्तान में तालिबान को सत्ता तक पहुंचाने में पाकिस्तान की भूमिका भी कम बड़ी नहीं रही है। कहा जाता है कि उसने तालिबान के लिए लड़ाके तैयार किए और सैन्य मदद भी दी। ढाई दशक पहले जब तालिबान ने सत्ता पर कब्जा किया था तब भी उसे पाकिस्तान ने समर्थन दिया था। आज भी पाकिस्तान का तालिबान को खुला समर्थन है। लेकिन ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि अबकी बार चीन, रूस, बांग्लादेश जैसे कई और मुल्क भी तालिबान को समर्थन देने से परहेज नहीं कर रहे। ऐसे में तालिबान की ताकत को बढऩे से रोक पाना इतना आसान नहीं है। जहां तक सवाल है भारत का, तो तालिबान वही करेगा जो पाकिस्तान चाहेगा। जैश और लश्कर जैसे संगठन भारत के खिलाफ गतिविधियां अब तेज कर सकते हैं। तालिबान ने बिना खून-खराबे के जिस आसानी से अफगानिस्तान पर नियंत्रण कर लिया, उससे अमेरिका भी कम सकते में नहीं होगा। कुल मिला कर हालात इतने जटिल हो गए हैं कि आतंकी देशों पर लगाम लगाने और उन्हें साधने के लिए अब कूटनीतिक उपायों के आसार बढ़ चले हैं। भारत और अमेरिका जैसे देशों के प्रयास भी इसी रुझान का संकेत दे रहे हैं।

# हिन्दी की राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता चाहिये

**विजय कुमार जैन**

**(हिन्दी दिवस 14 सितंबर पर विशेष)**

सर्वविदित है 14 सितंबर 1949 को हिन्दी भारत की राजभाषा घोषित की गई थी। और राजकाज के लिये पन्द्रह वर्ष तक अंग्रेजी को संपर्क भाषा के रूप में प्रयोग करने की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन तब से आज तक सात दशकों में हिन्दी को राष्ट्रभाषा का सम्मान नहीं मिला। संतोष का विषय है कि आधुनिक संचार क्रांति के नये युग में मीडिया, फिल्म जगत और उद्योग सभी क्षेत्रों में हमारी प्यारी भाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार को अपेक्षाकृत बल मिला है। दक्षिण भारतीय भी हिन्दी के प्रति अब ज्यादा दुराग्रह नहीं रखते, मगर खेद का विषय है कि आज तक किसी शासनकाल में हिन्दी को राष्ट्र भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने सक्रिय प्रयास नहीं हुए, हिन्दी दिवस के आयोजन मात्र औपचारिकता बन गये है। 14 सितंबर 1949 को भारत के संविधान में हिन्दी को भारतीय गणराज्य की राष्ट्र भाषा बनाने का निर्णय लिया गया और उसी दिन की स्मृति में संपूर्ण भारत में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। महाकवि मैथिली शरण गुप्त ने लिखा है ÷भगवान भारत वर्ष में गूंजे हमारी भारती÷।भारती से महा कवि का आशय राष्ट्र भाषा हिन्दी से है। विश्व के 180 देशों में हिन्दी बोलने और समझने बाले नहीं है। पिछले 45 वर्षों के दौरान ग्यारह विश्व हिन्दी सम्मेलन विश्व के अनेक नगरों में आयोजित किये गये। बारहवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन सन 2021 में प्रस्तावित है। हिन्दी लेखकों एवं कोटि के विद्वानों के आपसी सामन्जस्य से सौहार्द का वातावरण निर्मित हुआ है। विदेशों में हिन्दी का प्रचार प्रसार धीरे धीरे गति पकड़ रहा है।माँरीशस,फिजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद, गुयाना, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, नार्वे, वियतनाम, जापान, अमेरिका, जोहान्सबर्ग आदि देशों में ऐसी अनेक संस्थायें है जो हिन्दी साहित्यकारों की जयंती मनाते है। राम चरित मानस और गीता का पाठ करबाते है। होली और दीवाली के अवसर पर मिलन समारोह और कवि सम्मेलन आयोजित करते है। मगर दुख का विषय है कि हम विदेशों में हिन्दी की इस हलचल को देख कर खुश तो हो लेते है किन्तु इस बात पर ध्यान नहीं देते कि, 10 से 14 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित पाँच दिवसीय प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री मती इंदिरा गाँधी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में का जो संकल्प लिया था, वह अभी तक अधर में ही क्यों लटका हुआ है। चेकोस्लोवाकिया के विद्वान प्रो. ओदोलेन स्मेकल ने नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन में कहा था देश की आत्मा को समझने के लिये उसकी भाषा को समझना चाहिए।

मुझे जान पड़ता है कि भारत की आत्मा को समझने के लिये संस्कृत निष्ठ हिन्दी को जानना आवश्यक है, क्योंकि वह अपने मूल रूप में संस्कृत शब्दों को आत्मसात करने के फलस्वरूप समृद्धतम वर्तमान भारत की राष्ट्र भाषा है।

भारत के संविधान के भाग 17 अध्याय 1 में भारत की राजभाषा का उल्लेख है। संविधान में संकल्प 343 में स्पष्ट उल्लेख है कि भारत की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। भारतीय संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिये अंकों का रूप भारतीय अंकों का अन्तर्राष्ट्रीय रूप होगा। संविधान निर्माताओं ने बड़ी चालाकी से राजभाषा हिन्दी के साथ पन्द्रह वर्ष तक एक प्रावधान भी रखा था। हिन्दी राजभाषा के रूप में संवैधानिक रूप से तो प्रतिष्ठित हो गई पर हिन्दी को नौकरशाहों ने समय से ही अपनी भाषा और संस्कृति को भारत में स्थापित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया था। अंग्रेजों ने अपना शासन उज्जवल करने सबसे पहले अंग्रेजी को शासन और प्रशासन की भाषा बनायी। भारत में आजादी के पहले और बाद भी प्रशासकों ने अंग्रेजी को ही अपनी कार्य भाषा बनाया और हिन्दी की उपेक्षा कर उसके लिये मुश्किलें पैदा की हैं। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है हिन्दी रूपी सूरज की रोशनी के बिना सबेरे की कल्पना व्यर्थ है। मैं दुनिया की सब भाषाओं की इज्ज़त करता हूँ, परन्तु मेरे देश में हिन्दी की इज्ज़त न हो, यह मै नहीं सह सकता। निश्चित ही यह गर्व का विषय है कि भारत



के दक्षिण प्रदेशों तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, केरल आदि में हिन्दी के व्यापक प्रचार प्रसार में साधु सन्तों, फकीरों तथा उत्तर भारत से आये मारबाड़ी, गुजराती और मुसलमान व्यापारियों ने सराहनीय हिन्दी सेवा की है। गुजरात में जन्मे महात्मा गाँधी और स्वामी दयानंद सरस्वती के साथ साथ कवि दयाराम का योगदान हमेशा याद रहेगा। बंगाल के कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर, बंकिम चन्द्र चटर्जी और शरतचंद्र का हिन्दी के लिये योगदान महत्वपूर्ण रहा है। भाषा और संस्कृति एक दूसरे को प्रभावित करती हैं। किसी भी देश का समाज जब किसी विदेशी भाषा की संस्कृति पर आशक्त होता है तो उसके आदर्श और नैतिक मूल्य बदल जाते है। अपनी भाषा की आत्मीयता, गहन अनुभूतियाँ और मानवीय संबंधों का आलोक किसी भी विदेशी भाषा से प्राप्त नहीं हो सकता। हमें विदेशी भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करने का विरोधी नहीं होना चाहिये, किन्तु हमे किसी भी स्थिति में विदेशी भाषा की संस्कृति से प्रभावित नहीं होना चाहिये। राष्ट्रीय चेतना के यशस्वी कवि माखनलाल चतुर्वेदी के अनुसार ÷ हिन्दी हमारे देश की भाषा की प्रभावशाली विरासत है।÷ महात्मा गाँधी के अनुसार ÷हिन्दी ही देश को एक सूत्र में बाँध सकती है।÷ पूर्व प्रधानमंत्री श्री मती इंदिरा गाँधी ने कहा है ÷ हिन्दी विश्व की महान भाषाओं में से एक है। वह करोड़ों लोगों की मातृभाषा है और करोड़ों लोग ऐसे है जो दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। सुप्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत आचार्य विद्या सागर जी हिन्दी को बढ़ावा देने राष्ट्र व्यापी अभियान रखकर जनजागृति ले रहे है। उन्होंने नारा दिया है इंडिया नहीं भारत बोलो।

हिंदी की वर्तमान दशा को देखते हुए समाज को एक दिशा प्रदान करना आवश्यक है। हमे हिन्दी के संदर्भ में अपने घर से शुरुआत करना होगा। बच्चों को समझा कर मम्मी-डैडी, अंकल-आंटी कजिन शब्दों का प्रयोग बंद करना होगा। सामाजिक स्तर पर भी हिन्दी में परिवर्तन आवश्यक है। मोबाइल अथवा टेलीफोन पर हेलो शब्द का प्रयोग होता है, जबकि प्रारंभ होना चाहिए कहिये अथवा मैं बोल रहा हूँ आप कौन? अथवा नमस्कार से प्रारंभ होना चाहिये। दुकानों, शिक्षण संस्थाओं, शासकीय कार्यालयों ने नाम पट हिन्दी में होना चाहिये। जलपान के समय टी के स्थान पर चाय, कोक के स्थान पर शरबत या शिकंजी कहना चाहिये। ब्रेक फास्ट के स्थान पर अल्पाहार, लंच एवं डिनर को मध्यान्ह भोजन, रात्री भोजन कहना चाहिये। शुभ विवाह के निमंत्रण पत्र पूर्णतः हिन्दी में छपबाने होंगे। कितनी हास्यास्पद बात है हम भगवान गणेश का चित्र लगाते है मंगल श्लोक हिन्दी में लिखते है, किन्तु शेष कार्यक्रम पति-पत्नी के नाम आदि अंग्रेजी में होते है। केवल अंग्रेजी पुत्रों की मानसिकता बदलनी है। इसके के लिये हमे पहल करनी होगी। हमे किसी से भी अंग्रेजी में पत्राचार अथवा वार्तालाप नही करनी चाहिये। हम सुधर जायेंगे तो अन्य लोग हमारा अनुशरण करने लगेंगे। हमे समझना पड़ेगा कि हिन्दी का अपमान देश का अपमान, देशवासियों का अपमान, भारत माता का अपमान है। उस दिन हिन्दी को लाने के लिये किसी क्रांति की आवश्यकता पड़ती है तो वह भी जनता ही करेगी। जब हम अंग्रेजी समझने से इंकार कर देंगे, जब हम अंग्रेजी पत्रों का उत्तर हिन्दी में देना प्रारंभ कर देंगे तो सामने बाला स्वयं ही हिन्दी अपनाने विवश हो जायेगा।

## जीवन एक क्रिकेट मैच

प्रांतिकारी संत तरुणसागरजी ने क्रिकेट की व्याख्या करते हुए कहा कि जीवन एक क्रिकेट है, धरती की विराट पिच पर समय बॉलिंग कर रहा है। शरीर बल्लेबाज है, परमात्मा के इस आयोजन पर अम्पायर धर्मराज हैं। बीमारियाँ फील्डिंग कर रही हैं, विकेटकीपर यमराज हैं, प्राण हमारा विकेट है, जीवन एक क्रिकेट है। इस डे-नाइट मैच में हमें रचनात्मकता के जलवे दिखाने हैं और साँसों के सीमित ओवर में सृजन के रन बनाने हैं। गिल्लियाँ उड़ने का अर्थ साँस का टूट जाना है, एलबीडब्ल्यू यानी हार्ट-अटैक। दुर्घटना में मरने वाला रन आउट कहलाता है और सीमा पर शहीद होने वाला कैच आउट कहा जाता है। आत्महत्या का अर्थ हिट विकेट और हत्या स्टम्प आउट हो जाना है। कभी-कभी कुछ आप्रामक खिलाड़ी जल्दी ही पैवेलियन लौट जाते हैं, लेकिन पारी ऐसी खेलते हैं कि कीर्तिमान बना जाते हैं, सबका अपना-अपना रन रेट है, जीवन एक क्रिकेट है। घर आए अतिथि को भोजन के लिए पूछा करो, भोजन के लिए नहीं पूछ सकते तो पानी के लिए पूछा करो, पानी का नहीं पूछ सकते हैं तो बैठने के लिए आसन दिया करो। बैठने के लिए आसन भी नहीं दे सकते तो दो मीठे बोल बोला करो। दो मीठे बोल नहीं बोल सकते, मुस्कुराहट भी नहीं दे सकते तो चुल्लू भर पानी में डूब मरो। उक्त प्रेरक विचार उन्होंने प्रवचनमाला में व्यक्त किए। हाथों में मोबाइल हो न हो, चेहरे पर स्माइल हर हाल में होना चाहिए। आदमी स्मार्ट मोबाइल से नहीं, मुस्कुराहट से बनता है। हँसना पुण्य है और हँसाना परमपुण्य है। जब आप हँसते हैं तो आप ईश्वर की आराधना करते हैं। जब आप किसी रोते हुए को हँसाते हो तो ईश्वर आपकी आराधना करता है। दुनिया के सामने रोने की आवश्यकता नहीं है। जब पाँच सेकंड मुस्कुराने से फोटो अच्छी आ सकती है तो जिंदगी भर मुस्कुराने से जिंदगी क्यों नहीं अच्छी हो सकती।

# राष्ट्रीय एकता का तत्व है हिन्दी

**डॉ. वंदना सेन**

महात्मा गांधी ने कहा था कि अखिल भारत के परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है जिसे जनता का अधिकतम भाग पहले से ही जानता-समझता है। हिन्दी इस दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ है। गांधी जी का यह कथन अनुभव से निकला हुआ एक ऐसा पाथेय है, जो निश्चित ही राष्ट्रीय स्वाभिमान को उन्नति का पथ प्रदान करेगा। यह सर्वकालिक सत्य है कि कोई भी देश अपनी भाषा में ही अपने मूल स्वत्व को प्रकट कर सकता है। निज भाषा देश की उन्नति का मूल होता है। निज भाषा को नकारना अपनी संस्कृति को विस्मरण करना है। वर्तमान में हम स्वयं इसका विचार करें कि क्या हमें अपनी भाषा के गौरव का अभिमान है, अगर नहीं है तो हम अपने स्वत्व से बहुत दूर होते जा रहे हैं।

विश्व के किसी भी विकसित देश का अध्ययन करने से पता चलता है कि उसके नागरिकों में मन में अपने देश के स्वत्व के प्रति आत्मीय लगाव है, अपने धर्म के प्रति समर्पण की पराकाष्ठा है, लेकिन हमारे देश के नागरिकों की स्थिति क्या है? वह राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीकों की स्वयं ही उपेक्षा करने पर उतारू हैं। भारत के मानबिन्दुओं में यूं तो बहुत से प्रतीक शामिल हैं, लेकिन भाषा के तौर हम केवल हिन्दी को ही मान्यता दे सकते हैं। यह सर्वविदित है कि हिन्दी भारत में बहुत बड़े क्षेत्र में बोली जाती है, इतना ही नहीं विश्व में भारत की अधिकारिक भाषा और राष्ट्रीय भाषा के तौर पर हिन्दी को मान्यता दी जाती है। हम जानते ही होंगे कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जब विदेश मंत्री थे, तब उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का स्वत्व प्रकट करते हुए हिन्दी में उद्बोधन दिया था। उस समय ऐसा लगा था कि अटल जी ने विश्व के समक्ष भारत का गौरवगान किया है। हिन्दी प्रेमियों के लिए वह क्षण आज भी एक दिशादर्शक की भांति स्मरणीय है।



आज हिन्दी दिवस है। भारत में हिन्दी दिवस मनाया जाना निसंदेह अटपटा सा ही लगता है। यह शर्म का विषय भी माना जा सकता है, क्योंकि जो भाषा भारत की पहचान है, उस भाषा के प्रयोग करने के लिए हिन्दी दिवस मनाकर अनुरोध किया जाता है, बल्कि यह अनुरोध करने का चलन बढ़ता ही जा रहा है। हमारे लिए वर्ष के सारे दिवस हिन्दी दिवस होने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। इसका मुख्य कारण यही है कि आज हम जाने अनजाने में जिस प्रकार से अपनी हिन्दी भाषा के साथ मजाक कर रहे हैं, वह अभी भले उही हमें समझ में नहीं आ रहा होगा, लेकिन भविष्य के लिए यह अत्यंत दुखदायी होने वाला है। वर्तमान में प्राय- देखा जा रहा है कि हिंदी की सामान्य बोलचाल में अंग्रेजी और उर्दू शब्दों का समावेश बेखटके हो रहा है। इसे हम अपने स्वभाव का हिस्सा मान चुके हैं, लेकिन हम विचार करें कि क्या यह हिंदी के शब्दों की हत्या नहीं है। एक बात ध्यान में रखना होगा कि हम अंग्रेजी को केवल एक भाषा के तौर पर स्वीकार करें। भारत के लिए अंग्रेजी केवल एक भाषा ही है। जब हम हिंदी को मातृभाषा का दर्जा देते हैं तो यह भाव हमारे स्वभाव में प्रकट होना चाहिये। भारत का परिवेश निसंदेह हिंदी से भी जुड़ा है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि हिंदी भारत का प्राण है, हिंदी भारत का स्वाभिमान है, हिंदी भारत का गौरवगान है। भारत के अस्तित्व का भान कराने वाले प्रमुख बिंदुओं में हिंदी का भी स्थान है। हिंदी भारत का अस्तित्व है। भाषाओं के मामले में भारत को विश्व का सबसे बड़ा देश निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। भारत दक्षिण के राज्यों में अपनी एक भाषा है, जिसे हम विविधता के रूप में प्रचारित करते हैं। इसे यूं भी कहा जा सकता है कि भाषा के मामले में हम अत्यंत समृद्ध हैं। लेकिन कभी कभी यह भी देखा जाता है कि राजनीतिक कारणों के प्रभाव में आकर दक्षिण भारत के कुछ लोग हिंदी का विरोध करते हैं। इस विरोध को जन सामान्य का कुछ भी लेना देना नहीं होता, लेकिन ऐसा प्रचारित करने का प्रयास किया जाता है जैसे पूरा समाज ही विरोध कर रहा हो। दक्षिण भारत के राज्यों में जो भाषा बोली जाती है, उसका हिंदी भाषियों ने सदैव सम्मान किया है। भाषा और बोली के तौर पर भारत की एक विशेषता यह भी है कि चाहे वह दक्षिण भारत का राज्य हो या फिर उत्तर भारत का, हर प्रदेश का नागरिक अपने शब्दों के उच्चारण मात्र से यह प्रदर्शित कर देता है कि वह किस राज्य का है।

# हिंदी: दशा और दिशा

**शरद नारायण खरे**

**हिंदी में तो शान है ,हिंदी में है आन।**
**हिंदी में क्षमता भरी,हिंदी में है मान।।**
**हिंदी में है नम्रता,किंचित नहीं अभाव।**
**नवल ताज़गी संग ले,बढ़ता सतत प्रभाव।।**

हिंदी एक ऐसी भाषा है जो आसानी से हर वर्ग को समझ आती है। हिंदी के विकास के लिए हमें सरकारी और गैर-सरकारी कार्यालयों में हिंदी को प्रोत्साहित करना होगा। हिंदी की किताबों को महत्व देना होगा जहां भी सुविधा मौजूद है, सरकारी कार्यालयों में प्रार्थना पत्र या दरख्वातें हिंदी में लिखें। हिंदी वालों को चाहिए कि वह अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी अपना पता लिखें। अपने घरों, दफ्तरों पर नाम की तख्तियां हिंदी में लगाएं। कार्यालयों में हिंदी का उपयोग हो, बैंक आदि में पैसा निकलवाते या चैक देते वक्त हिंदी का प्रयोग करें, सभी बस-स्थानकों और बसों, रेलवे स्टेशनों, नगर निगमों, कार्यालयों, तहसीलों और स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा अन्य सभी जगह बोर्ड हिंदी में होने चाहिए। इन सुझावों के अलावा अन्य और इस तरह के आम सुझावों पर ध्यान दिया जा सकता। हिंदी-प्रयोग के दायरे को फैलाने के लिए हमें उसे घर-घर पहुंचना चाहिए, हिंदी पढ़नी चाहिए, हिंदी पढ़नी चाहिए, हिंदी और हिंदी लिखनी चाहिए, एक आंदोलन के



तौर पर लोगों से संपर्क करना चाहिए। वाट्स एप या फेसबुक पर हिंदी का प्रयोग करें। सरकारी स्तर पर हिंदी के विकास के लिए लैंगवेज-लैब बनाई जाए। हिंदी को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के रोजगार से जोड़ना भी आवश्यक है ताकि नई पीढ़ी अपने भविष्य को रोशन कर सके। प्रिंट मीडिया या विज्ञापनदाता समूहों को भी हिंदी पर ध्यान देना चाहिए ताकि हिंदी को रोजगार से जोड़ा जा सके।

जिन विद्यालयों, कॉलेजों में हिंदी के छात्रों की संख्या कम हो रही है, उनके शिक्षकों को आस-पास के क्षेत्रों में हिंदी के लिए अभियान चलना चाहिए। आज के आईटी युग में, हमें यह भी आकलन करना चाहिए कि क्या प्राथमिक स्कूलों में दी जा रही शिक्षा वर्तमान आईटी के लिहाज से परिपूर्ण है या नहीं? इस लिए हिंदी के सलेबस को आईटी आधारित बनाया जाना चाहिए। हिंदी सॉफ्टवेयर के विकास में काम करें। क्योंकि अगर वर्तमान तेजी के युग में वह इस में पीछे रह गई तो पिछड़ जाएगी। हिंदी के विकास में लगे हुए सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों को एक मंच पर आकर वर्ष में कम से कम एक बार हिंदी की चुनौतियों और मुश्किलों पर चर्चा करनी चाहिए, उनको हल करने की कोशिश करनी चाहिए। रिक्त पड़े हिंदी पदों को केंद्रीय व राज्यों सरकारों को तुरंत भरना चाहिए। बेहतर हिंदी शिक्षकों और उसके सेवकों को आवार्ड देन चाहिए।

हम कह सकते हैं कि 21वीं सदी में हिंदी की स्थिति को देखते हुए कुछ जिम्मेदारियां हमारी भी बनती हैं, क्योंकि हिंदी भाषा के विकास के लिए दूसरों की प्रतीक्षा करने या किसी दिव्य शक्ति की प्रतीक्षा करने की जगह, आप जो भी कर सकते हैं, अकेले करें या समूह के आकार में करें। इन जिम्मेदारियों को लागू करना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए। आशा है कि हालात और बेहतर होंगे। इन्हीं अंधेरों से सूरज निकलेगा,और हिंदी को उसका आधिकारिक स्थान मिलेगा। अंत में यही कहूँगा कि,

**हिंदी नित आगे बढ़े,यही आज अरमान।**
**हिंदी का उत्थान हो,यही फले वरदान।**
**हिंदी का अभिषेक हो,जो देती उजियार।**
**हिंदी का विस्तार हो,जो हरती अँधियार।**

## सूडोकु नवताल- 5832

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5831 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## हिंदी दिवस की औपचारिकता

**वेदप्रताप वैदिक**

हिंदी दिवस हम हर साल 14 सितंबर को मनाते हैं, क्योंकि इसी दिन 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा बनाया था। लेकिन क्या आपने कभी सोचा कि हिंदी वास्तव में भारत की राजभाषा है भी या नहीं है? यदि हिंदी राजभाषा होती तो कम से कम भारत का राज-काज तो हिंदी भाषा में चलता लेकिन आजकल राजकाज तो क्या, घर का काम-काज भी हिंदी में नहीं चलता। अंग्रेज की गुलामी के दिनों में फिर भी हिंदी का स्थान ऊँचा था लेकिन आज हिंदी की हैसियत ऐसी हो गई है, जैसी किसी अछूत या दलित की होती है। संसद का कोई कानून हिंदी में नहीं बनता, सर्वोच्च न्यायालय का कोई फैसला या बहस हिंदी में नहीं होती, सरकारी काम-काज अंग्रेजी में होता है। सारे विश्वविद्यालयों में अंग्रेजी अनिवार्य है। ज्यादातर विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का माध्यम अंग्रेजी है। छोटे-छोटे बच्चों पर भी अंग्रेजी इस तरह लदी होती है, जैसे हिरन पर घास लाद दी गई हो। बच्चे अपने माँ-बाप को भी आजकल मम्मी-डैडी कहने लगे हैं। माताजी-पिताजी शब्दों का लोप हो चुका है। 'जी' अक्षर उनके संबोधन से हट चुका है। भाषा से मिलनेवाले संस्कार लुप्त होते जा रहे हैं। हिंदी अखबारों और टीवी चैनलों को अंग्रेजी शब्दों के बोझ ने लंगड़ा कर दिया है। हर साल जो करोड़ों बच्चे अनुत्तीर्ण होते हैं, उनमें सबसे बड़ी संख्या अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण होनेवालों की है। भारत के बाजारों में चमचमाते अंग्रेजी के नामपटों को देखकर लगता है कि भारत अभी भी अंग्रेजों का ही गुलाम है। अगर आप बैंकों में जाकर देखें तो मालूम पड़ेगा कि लगभग सभी खातेदारों के दस्तखत अंग्रेजी में हैं। आपका नाम हिंदी में है, फिर हस्ताक्षर अंग्रेजी में क्यों है? यदि नकल ही करना है तो पूरी नकल कीजिए। अपना नाम भी आप चर्चिल या जॉनसन क्यों नहीं रखते ? नकल भी अधूरी ? हिंदी कभी राजभाषा बन पाएगी या नहीं, कहा नहीं जा सकता लेकिन वह लोकभाषा बनी रहे, यह बहुत जरुरी है। राजभाषा वह तभी बनेगी, जब हमारे नेतागण नौकरशाहों की नौकरी करना बंद करेंगे। हमारे नेता वोट और नोट में ही उलझे रहते हैं। उन्हें शासन चलाने की फुर्सत ही कहां होती है। यदि देश में कोई सच्चा लोकतंत्र लाना चाहे तो वह स्वभाषा के बिना नहीं लाया जा सकता। दुनिया के जितने भी शक्तिशाली और मालदार राष्ट्र हैं, उनमें विदेशी भाषाओं का इस्तेमाल सिर्फ विदेश व्यापार, कूटनीति और शोध-कार्य के लिए होता है लेकिन भारत में आपको कोई भी महत्वपूर्ण काम करना है या करवाना है तो वह हिंदी के जरिए नहीं हो सकता।

# महेश बाबू और टाइगर श्रॉफ विज्ञापन फिल्म के लिए साझा करेंगे स्क्रीन स्पेस





दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार महेश बाबू की लोकप्रियता पूरे देश में है। यही वजह है कि उनकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। हाल में खबर सामने आई थी कि महेश बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रणवीर सिंह के साथ एक विज्ञापन के लिए स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह बॉलीवुड के उभरते हुए अभिनेता टाइगर श्रॉफ के साथ एक विज्ञापन फिल्म में दिखने वाले हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर एक माउथ फ्रेशनर प्रोडक्ट के विज्ञापन में साउथ स्टार महेश के साथ नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि महेश और टाइगर ने इस विज्ञापन फिल्म के लिए पहले ही शूटिंग पूरी कर ली है। खबरों की मानें तो बहुत जल्द यह विज्ञापन रिलीज होने वाला है। पान बहार इलाइची नामक माउथ फ्रेशनर ब्रांड ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दोनों अभिनेताओं का लुक साझा किया है। पान बहार ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, दो पसंदीदा चेहरे और आपका पसंदीदा ब्रांड। पहचानिए कौन? जानिए पान बहार इलाइची के दो नए ब्रांड एंबेसडर के नाम। जल्दी करें और अद्भुत उपहार वाउचर प्राप्त करें। समय समाप्त हो रहा है। साथ ही पान बहार ने अपने विज्ञापन का एक क्लिप शेयर किया है, जिसमें दोनों अभिनेताओं की झलक देखने को मिली है। हालांकि, टाइगर और महेश का चेहरा साफ तौर पर नहीं दिख रहा है। टाइगर फिल्म बागी 4 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनके साथ सारा अली खान नजर आ सकती हैं। हीरोपंती 2 की शूटिंग पूरी करने के बाद ही टाइगर इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। बागी सीरीज की पिछली सभी फिल्मों में टाइगर दर्शकों की कसौटी पर खरे उतरे थे। टाइगर आने वाले दिनों में फिल्म गणपत में दिखेंगे। इस फिल्म का निर्देशन विकास बहल कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ कृति सेनन नजर आएंगी। भारत एने नेनु और महर्षि फेम महेश बाबू इन दिनों अपनी फिल्म सरकारू वारी पाटा की शूटिंग में व्यस्त हैं।

## प्रेग्नेंसी से जुड़ा हैं बच्चों के ज्यादा बुद्धिमान होने का राज, शोध में वैज्ञानिकों बताई वजह



विटामिन डी महत्वपूर्ण पोषक तत्व है और शरीर के सुचारू रूप से कार्य करने के लिए जरूरी है। मां का विटामिन डी गर्भाशय में उसके बच्चे तक पहुंचता है और मष्तिस्क के विकास समेत क्रियाओं को नियंत्रित करने में मदद करता है। जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक शोध से पता चला है कि प्रेग्नेंसी के दौरान मां के विटामिन डी लेवल का संबंध उसके बच्चे की बुद्धि (आईक्यू) से है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रेग्नेंसी में ज्यादा विटामिन डी लेवल मष्तिस्क के विकास में सहायक है और बच्चे की बुद्धि को बढ़ा सकता है। इसका मतलब हुआ कि प्रेग्नेंसी के दौरान विटामिन डी का लेवल जितना ज्यादा होगा, उतना ही बच्चों की बुद्धि में बढ़ोतरी की संभावना होगी। शोध में इस बात पर भी रोशनी डाली गई है कि विटामिन डी की कमी सामान्य आबादी के अलावा गर्भवती महिलाओं में आम है। लेकिन काले रंग की महिलाओं को ज्यादा खतरा है क्योंकि स्किन के प्राकृतिक रंगद्रव्य (मेलानिन पिगमेंट) विटामिन के उत्पादन को घटा देता है। माना जाता है कि मेलानिन पिगमेंट सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणों से स्किन की रक्षा करता है। शोध के मुताबिक, काली गर्भवती महिलाओं में विटामिन डी के लेवल में स्पष्ट रूप से ज्यादा कमी देखी गई। वैज्ञानिकों ने 46 फीसद गर्भवती महिलाओं में विटामिन डी की कमी का पता लगाया गया खासकर काली महिलाओं में समस्या ज्यादा आम पाई गई। बुद्धि से संबंधित कई फैक्टर को मद्देनजर रखते हुए वैज्ञानिकों ने पाया कि प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में विटामिन डी का ज्यादा लेवल और 4-6 साल की उम्र के बच्चों में ज्यादा बुद्धि के बीच संबंध मौजूद है। हालांकि, इस तरह के विश्लेषणात्मक अध्ययन से वजह को साबित नहीं किया जा सका मगर भविष्य में नतीजे के महत्वपूर्ण अर्थ होंगे और बड़े पैमाने पर शोध करना होगा।

# विद्युत जामवाल ने फैशन डिजाइनर नंदिता महतानी से की सगाई



*विद्युत जामवाल बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता हैं। फिल्मों के अलावा वह अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। हाल में वह फैशन डिजाइनर नंदिता महतानी के साथ प्रेम-प्रसंग को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड नंदिता के साथ सगाई कर ली है। सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीर वायरल हो गई है, जिसमें नंदिता अपने हाथ में अंगूठी पहनी हुई नजर आई हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि विद्युत और नंदिता ने सगाई कर ली है। एक सूत्र का कहना है कि सगाई 4 दिन पहले हुई थी और दोनों एक-दूसरे को बहुत प्यार करते हैं। विद्युत से पहले नंदिता अभिनेता डिनो मोरिया के साथ रिलेशनशिप में थीं। कई बार दोनों के रिश्तों में दरार आई और फिर वे साथ हुए, लेकिन अंततः दोनों का ब्रेकअप हो गया था।*

बताया जा रहा है कि नंदिता को 5 महीने पहले विद्युत से प्यार हो गया था। अब सगाई हो चुकी है, इसलिए फैंस को उम्मीद है कि यह कपल जल्द शादी के बंधन में बंधेगा। नंदिता से पहले विद्युत मोना सिंह के साथ 2 साल तक रिलेशनशिप में थे। इसके बाद किसी वजह से उनका रिश्ता भी आगे नहीं चल पाया था। विद्युत से ब्रेकअप के बाद मोना ने दिसंबर, 2019 में बिजनेसमैन श्याम गोपालन के साथ शादी रचाई थी। विद्युत की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, जिसमें वह नंदिता के साथ आगरा स्थित ताजमहल में नजर आए हैं। इस तस्वीर में दोनों की बॉन्डिंग साफ झलक रही है। इस तस्वीर में ही नंदिता अपनी अंगूठी को दिखाती हुई नजर आई हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया ने भी दोनों की सगाई की खबर पर अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में इस कपल को बधाई दी है।

विद्युत के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल में उन्होंने अमेरिकी टैलेंट मैनेजमेंट ऐजेंसी वंडर स्ट्रीट के साथ हाल मिलाया है। अब वह हॉलीवुड के प्रोजेक्ट में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। हाल ही में आलिया भट्ट ने मशहूर टैलेंट एजेंसी विलियम मॉरिस एंडेवर को साइन किया था। विद्युत को आने वाले दिनों मे खुदा हाफिज 2 में देखा जाएगा। इसके अलावा वह फिल्म सनक में भी नजर आएंगे।

# ओटीटी पर क्षेत्रीय कंटेंट की व्यापक गुंजाइश :शिखा तलसानिया

शिखा तलसानिया मराठी फिल्म शांति क्रांति से डेब्यू कर रही हैं, जो एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होगी। अभिनेत्री का कहना है कि ओटीटी क्षेत्र में क्षेत्रीय कंटेंट की अपार संभावनाएं हैं। ओटीटी पर क्षेत्रीय कंटेंट के दायरे के बारे में बात करते हुए, शिखा ने कहा, विशाल! विशाल! हमें अब इसकी और आवश्यकता है! और हमारी सीमाओं का मार्गदर्शन करने वाली तकनीक के लिए धन्यवाद और उपशीर्षक के लिए धन्यवाद, हमें अलग-अलग कंटेंट से बनाई जा रहे विभिन्न कंटेंट को देखने की जरूरत है। हमारे अपने देश के कुछ हिस्सों में यह समृद्ध और बारीक कंटेंट से भरा है। अभिनेत्री ने साझा किया कि शांति क्रांति की पटकथा और चरित्र ने उन्हें मराठी



श्रृंखला के लिए साइन अप करने का लालच दिया। उन्होंने कहा, निर्देशक प्यारे दोस्त हैं। मैंने सारंग के साथ बहुत सारे नाटक किए हैं। मैं उनके काम की प्रशंसक रही हूं जब से उन्होंने भादीपा शुरू किया था। पटकथा और चरित्र शानदार थे और एक कलाकार के रूप में मराठी में बोलना मेरे लिए एक चुनौती थी। मैं इसे कैसे पारित कर सकती हूं, मुझे हां कहना और करना था। क्या वह इस स्थान में और अधिक खोज करने की योजना बना रही है? उन्होंने कहा, बिल्कुल, यह चरित्र ही हैं जो दिन के अंत में मायने रखते हैं। मुझे एक अच्छी स्क्रिप्ट, मजेदार चरित्र, महान निर्देशक और सह-कलाकार दें - मैं खेल में शामिल हूं। मैं इसे किसी भी भाषा में तलाशूंगी!

## सुपरहिट मलयालम फिल्म फॉरेंसिक के हिंदी रीमेक से जुड़ीं अभिनेत्री प्राची देसाई

टीवी और फिल्मों में अपनी शानदार अदाकारी का लोहा मनवा चुकीं अभिनेत्री प्राची देसाई सुपरहिट मलयालम फिल्म फॉरेंसिक के हिंदी रीमेक में नजर आएंगी। इस फिल्म के लिए पहले ही अभिनेता विक्रांत मैसी और राधिका आप्टे को कास्ट किया गया है। अब फिल्म में प्राची की एंट्री भी हो गई है। वह विक्रांत और राधिका के साथ काम करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। प्राची ने खुद यह जानकारी दी है। प्राची ने कहा, मैंने हमेशा ही विक्रांत और राधिका के काम की तारीफ की है। दोनों ही शानदार कलाकार हैं। मैं उनके साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, रोमांच से भरी इस फिल्म की कहानी ने भी मुझे बेहद प्रभावित किया है। मैं विक्रांत और राधिका के साथ शूट शुरू करने का इंतजार नहीं कर सकती। विशाल एक बेहतरीन निर्देशक हैं, जिनके साथ काम करने को लेकर मैं उतावली हो रही हूं। विशाल ने कहा, मैं प्राची को इस फिल्म में कास्ट कर बहुत खुश हूं। वह फिल्म में एक बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की भूमिका के मुताबिक प्राची एक परफेक्ट चॉइस हैं। विशाल ने बताया कि इस फिल्म में प्राची जिस किरदार और अंदाज में नजर आएंगी, वो पहले कभी दर्शकों ने नहीं देखा होगा। काफी समय से फिल्म के लिए एक अन्य एक्ट्रेस की तलाश चल रही थी, जो प्राची पर आकर खत्म हुई है। बता दें कि फॉरेंसिक मलयालम भाषा की साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। अखिल पॉल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में ममता मोहनदास और टोविनो थॉमस ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को दर्शकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। इस फिल्म की कहानी एक फॉरेंसिक अधिकारी द्वारा एक हत्या के मामले को सुलझाने के प्रयासों पर आधारित है। हाल ही में फिल्म के हिंदी रीमेक की शूटिंग शुरू हुई है।

# पायल घोष ने अपनी स्पोर्ट्स फिल्म के लिए आमेर कामरा से प्रशिक्षण लिया



अभिनेत्री पायल घोष आगामी बॉलीवुड फिल्म में एक खिलाड़ी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इस रोल के लिए मशहूर ट्रेनर आमेर कामरा उन्हें ट्रेनिंग दे रहे हैं। पायल घोष के नाम पटेल की पंजाबी शादी, फ्रीडम जैसी बॉलीवुड फिल्में और कुछ तमिल फिल्में हैं।

एथलीट आमेर द्वारा निर्देशित होने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि आमेर स्टंट करने में मेरी सबसे अच्छी मदद कर रहा है। मैं अपनी फिल्म के लिए काफी कुछ सीख रही हूं। यह जीवन भर का अनुभव होने वाला है। अपनी आगामी अनटाइटल्ड स्पोर्ट्स फिल्म के बारे में बात करते हुए, उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म एक बायोपिक नहीं है, यह एक लड़की की कहानी है जो खेल का आनंद लेती है लेकिन उसका परिवार उसे शादी करने और परिवार शुरू करने के लिए मजबूर करता है। फिल्म उसके खेल के लिए प्यार, करियर और उसका परिवार के बीच चल रहे संघर्ष के बारे में है। आमेर एक वास्तविक जीवन के एथलीट और बॉडी बिल्डर हैं जिन्होंने कई मशहूर हस्तियों को प्रशिक्षित किया है। वह फिल्म के लिए पायल का मार्गदर्शन करने के बारे में विस्तार से बताते हैं कि पायल स्क्रीन पर राज करने जा रही है क्योंकि वह ऊर्जा से भरपूर है। वह अपना सर्वश्रेष्ठ करती है। वह वास्तव में एक वास्तविक जीवन की एथलीट हो सकती है। लोग उसे लंबी छलांग लगाते हुए, डंडे पर चढ़ते हुए देखेंगे। कुल मिलाकर दर्शकों को एक अलग पायल देखने को मिलेगी। पायल की अपकमिंग फिल्म रेड है, जो एक रोमांटिक थ्रिलर है।

# फलों का सेवन करते समय कभी ना करें ऐसी गलती, नहीं तो पहुँचा सकते है नुकसान



व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिए पोषण युक्त आहार की बहुत जरूरत पड़ती हैं। इसके लिए सभी के द्वारा सलाह दी जाती है फलों के सेवन की। क्योंकि फलों में सभी प्रकार के पोषण तत्व मौजूद होते हैं। इस प्रकार से देखा जाए तो सेहतमंद रहने के लिए हमें फलों का सेवन करना चाहिए। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर फलों का सेवन सही तरीके से ना किया जाए तो यह फायदा करने की जगह नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि कौन से फल को खाने का क्या तरीका है।

### सेब

सेब एक अच्छा फल माना जाता है। इसमें आपको प्रचुर मात्रा में प्रोटीन तथा मिनरल्स मिलते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें कोलेस्ट्रॉल नहीं पाया जाता। आपको यदि सेब का पूरा फायदा लेना है तो आप इसको बिना छीले ही खाना चाहिए।

### संतरा

यह विटामिन ए, सी, मिनरल्स, सोडियम, फॉस्फोरस तथा कैल्शियम का बड़ा स्त्रोत्र माना जाता है। यह आपके बालों तथा स्किन के लिए बहुत लाभकारी होता है। इसका सेवन करने के लिए आप इसको हमेशा दिन में ही खाएं। इसको आप कभी सुबह के समय या रात में न खाएं।

### आम

आम को फलों का राजा कहा जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन बी-6, विटामिन ए, फाइबर, विटामिन सी जैसे तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। यदि आप आम का सेवन करते हैं तो इस बात का ध्यान रखें की इसकी तासीर गर्म होती है अतः दूध के साथ इसका सेवन कभी न करें।

### नारियल

इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन, फाइबर, कैल्शियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। इसमें कोलेस्ट्रॉल तथा वसा नहीं होती हैं। अतः यह आपको मोटापे से बचाता है। सुबह के समय इसका सेवन अधिक अच्छा माना जाता है लेकिन ध्यान रखें कि आप खाली पेट इसका सेवन न करें।

## पौलोमी दास परदे पर निभाने जा रहीं बाइसेक्सुअल किरदार

अभिनेत्री पौलोमी दास वेब शो है तौबा 3 में मुख्य भूमिका में हैं। पहले दो सीजन 2021 की पहली छमाही में रिलीज किए गए थे। बारिश, पौराशपुर और बेकाबू जैसे तीन



शो का हिस्सा बनने के बाद, पौलोमी नया किरदार करने जा रही हैं, क्योंकि उन्होंने पहले कभी ऐसी भूमिका नहीं निभाई है। कार्तिक पूर्णिमा की अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए, केसर वह है जो इस निष्कर्ष की तलाश में है कि उसे अपने जीवन में नहीं मिल रहा है। वह एक पुराने स्कूल की लड़की है जो प्रतिबद्धता की तलाश में आज के समय में फंस गई है। हालांकि, वह आज की लड़की है। पौलोमी पहली बार पर्दे पर बाइसेक्सुअल किरदार निभाएंगी। उसने यह भी खुलासा किया, वह एक लड़के के साथ रिश्ते में है लेकिन एक लड़की से प्यार करती है। इसलिए, कहानी आत्म-खोज के बारे में है। कैसे चीजें उसके लिए कड़वी हो जाती हैं और उसके रिश्तों की गतिशीलता को बदल देती है। है तौबा 3 कहानियों का एक संग्रह है, जिसे दो अध्यायों में बांटा गया है। पहला पार्ट 6 मई को प्रसारित हुआ, दूसरा 21 मई को और इन सभी कहानियों में प्रेम की एक सामान्य भावना थी जो गैर-अनुरूपतावादी है। सीजन 3 सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ने वाली महिलाओं के बारे में है। इस बार महिलाएं अपने उबाऊ वैवाहिक जीवन से बाहर निकलकर यथास्थिति को चुनौती देंगी और अपने व्यक्तित्व का पता लगाएंगी। है तौबा 3 जल्द ही ऑल्ट बालाजी पर स्ट्रीम होगी।

# भिण्ड में डेंगू की दस्तक से युवक की मौत

**युवक दस दिन से चल रहा था बीमार। प्लेटलेट्स गिरने पर CMHO ने ग्वालियर रेफर किया, उपचार के दौरान मौत।**



**उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।।** मध्य प्रदेश के अन्य शहरों के साथ डेंगू के दंश का प्रकोप अब भिंड जिले में आ पहुंचा है। जिले में डेंगू से मौत का साल का पहला केस सामने आया है। डेंगू बीमारी के लक्षण मिलते ही युवक को उपचार के लिए भिण्ड सीएमएचओ ने ग्वालियर के लिए रेफर किया था जिसे जेएएच में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। हालांकि जिला अस्पताल प्रबंधन इस मामले से डेंगू से मौत होने की पुष्टि पर जांच रिपोर्ट मिलने के बाद करेगा। आर्य नगर निवासी संजीव थापक (35) पुत्र देवेंद्र थापक पिछले दस दिन से मलेरिया बीमारी से पीड़ित थे। वो जिला अस्पताल के चिकित्सकों से लगातार उपचार ले रहे थे। दो दिन पहले प्लेट्स कम होने की शिकायत होने पर जांच कराई। जिस पर डेंगू के लक्षणों की पुष्टि हुई थी। इसके बाद संजीव थापक को उपचार के लिए परिजन ग्वालियर लेकर रविवार को पहुंचे और जयारोग अस्पताल में भर्ती कराया। यहां मरीज का उपचार शुरू हो चुका था। सोमवार की सुबह संजीव की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने चिकित्सकों को सूचना की। चिकित्सक के आने से पहले संजीव ने अंतिम सांस ली। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को परिजनों को सौंप दिया। मृतक के छोटे भाई आशीष थापक ने इस खबर की पुष्टि की है। मृतक संजीव थापक फोटो स्टूडियो पर काम करता था। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। युवक के परिवार में एक बेटी व एक बेटा है।

## प्रशासनिक अधिकारियों के लाख समझाने के बाद भी धरना स्थल पर किसान डटे।



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**
**पुष्पांजली टुडे**

एटा अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले एटा कचहरी स्थित धरना स्थल पर चौथे दिन भी किसानों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा उक्त आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति बनाई जा रही है जिससे शाशन- प्रशासन मैं हडकंप मचा हुआ है उसी के शाशन प्रशासन की तरह से उपजिलाधिकारी सदर एटा, सी0 ओ0 सदर, कोतवाल नगर सहित पूरा अमला घंटो तक आंदोलनरत किसानों को समझाने का प्रयास करते रहे लेकिन आंदोलनरत किसान आंदोलन से पीछे हटने को तैयार नहीं है अधिकारियों के द्वारा जिलाधिकारी एटा से मजबूत कर समाधान कराने का आस्वासन दिया है जिस पर धरना स्थल पर उपस्थित आंदोलनकारियों ने निर्णय लिया कि शाम 08~30 अपने प्रमुख पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं से बात कर ओनलाईन बात कर अग्रिम रणनीति तैयार की जाएगी इस अबसर पर प्रमुख रूप से ~ अखिल संघर्षी राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुरेन्द्र सास्त्री राष्ट्रीय महासचिव, तेज सिंह वर्मा राष्ट्रीय महासचिव, डॉ0 अनिल कुमार सिंह, बाबू राम वर्मा, कामरेड राजाराम यादव, दिनेश पाल सिंह, हाकिम सिंह वर्मा प्रधान, रामौतार, रमेश वर्मा, साहब सिंह प्रधान, कुल्दीप कुमार, विनय कुमार, अनुराग कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## वन-टू-वन

### पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने अनिकेत को शुभकामनाएं दी



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** पूर्व विधायक हेमंत कटारे ऐसी होनहार प्रतिभा का सम्मान करने घर पर पहुंचे जिस ने भिंड जिले का नाम गौरवान्वित किया हिंदुस्तान में 18 बच्चों की चयन प्रक्रिया में भिंड के प्रतिभाशाली आदित्य सिंह चौहान के बेटा ने अनिकेत चौहान छोटू ने अपनी मेहनत लगन से 100त्न स्कॉलर यूरोप हंगरी मैं यूनिवर्सिटी के लिए बधाई उज्जवल भविष्य की कामना के साथ आशीर्वाद दिया । पूर्व विधायक हेमंत कटारे,बाबा भगवान दास सेथिया, विनोद पंडित, विजय शर्मा, शिवराम शर्मा एडवोकेट, विनीत राजोरिया ने जिले का नाम गोरबंत करें हमेशा स्वस्थ रहे ईश्वर छोटू को हर मुश्किल की घड़ी में कामयाबी देने की शुभकामनाएं दी।

### रक्तदान व निश्शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया किया गया



**ब्यूरो पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु.~**चामराज क्षेत्र के नजरबाद में विधायक एल.नागेन्द्र के नेतृत्व में रक्तदान व निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया द्य बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया व रक्तचाप,शुगर आदि स्वास्थ्य जांच करवाई द्य पृथ्वी सिंह चांदावत द्वारा बच्चों को वस्त्र, मास्क वितरित किया गया द्य इस अवसर पर पार्षद एम.सतीश, अन्य भाषा प्रकोष्ठ के सचिव पृथ्वी सिंह चांदावत,भाजपा कार्यकर्ता ब्रह्मचार,चौडाप्पा, जयराज अर्स,महेश,नर्सिंगकर्मी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे द्य

### खेलो इंडिया शिवपुरी सेंटर के कोच होंगे आकाश



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया मुहिम के तहत मध्यप्रदेश में छ~ सेंटर खोले गये है।जिसमें शिवपुरी में कोच के लिए आकाश चतुर्वेदी का चयन हुआ है।आकाश मूलत~ ग्वालियर निवासी और एक प्रशिक्षित हॉकी कोच है।जो अब शिवपुरी में अपनी सेवायें देंगे उनकी इस उपलब्धि पर रोहित शर्मा,रजत चतुर्वेदी,विनय कदम,निक्की कौशल,आशुतोष शर्मा आदि साथी खिलाड़ियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### इंजीनियरिंग में रामचरित मानस के बाद कांग्रेस ने की कुरान को शामिल करने की मांग,कहा- इसमें साइंस मैथ्स के साथ देश चलाने का तरीका भी है



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** रामचरित मानस को पाठ्यक्रम में शामिल करने के बीजेपी सरकार के फैसले के बाद कांग्रेस ने नई शिक्षा नीति में अब कुरान को भी शामिल करने की मांग उठाई है। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि रामायण के साथ-साथ कुरान, बाइबिल और गुरु ग्रंथ को भी पढ़ाया जाए। कुरान में तो साइंस, मैथ्स और देश चलाने का तरीका भी बताया गया है। सारे ग्रंथ को शामिल किया जाए तो बहुत अच्छा होगा। कांग्रेस विधायक ने कहा कि अगर आपकी नियत अच्छी तो सभी को पढ़ाया जा और बाटने की है तो ये शिक्षा में ठीक नहीं है। जैसे मॉब लिंचिंग की गई वैसे ही शिक्षा को टारगेट किया जा रहा है।

### व्यापारी के सूने मकान से चोरो ने उडाये कीमती जेवरात

**भोपाल।** राजधानी के शाहपुरा थाना इलाके मे स्थित पॉश कॉलोनी आकृति इको सिटी में चोरो ने एक व्यापारी के मकान पर धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात सहित एक लाख का माल उडा दिया। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने छानबीन के बाद व?यापारी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## ओबीसीमहासभा ग्वालियर ईकाई द्वारा ओबीसी की जातिवार जनगणना कराने की मांग के साथ दिया ज्ञापन



**रवि प्रजापति रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** ओबीसी महासभा प्रदेश महासचिव जीतू लोधी ने बताया कि है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में लगभग 50त्न आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी की है साथ ही वर्तमान में प्रदेश के मुखिया भी ओबीसी वर्ग से ही संबंध रखते हैं इन परिस्थितियों के बावजूद ओबीसी वर्ग के युवाओं छात्र-छात्राओं के हितों पर सत्ता प्रशासन में बैठे अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा लगातार कुठाराघात हो रहा है प्रदेश के एक बहुत बड़े तबके लगभग आधी जनसंख्या वाले वर्ग के साथ अन्याय पूर्ण व्यवहार करते हुए उनके अधिकारों का हनन हो रहा है ओबीसी महासभा के द्वारा आज इसी तरह की 29 मांगों को लेकर के ग्वालियर कलेक्ट्रेट में एसडीएम प्रदीप तोमर सिंह को ज्ञापन सौंपा गया प्रमुख मांगों में जनगणना फॉर्मेट में ओबीसी का कॉलम जोड़कर ओबीसी वर्ग की जातिगत जनगणना कराए जाने एवं गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के साथ चिरवाई नाके पर लगी प्रतिमा से हुई छेड़छाड़ को लेकर के आज ज्ञापन सौंपा गया इसके अलावा ओबीसी महासभा द्वारा वर्ष 2021 में होने वाली जनगणना में कराने हेतु विधानसभा में विधेयक पारित कर केंद्र को भेजने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह,एवं ओबीसी वर्ग के में लागू असंवैधानिक क्रीमी लेयर की बाध्यता को समाप्त करने हेतु विधानसभा में विधेयक पारित कर केंद्र सरकार को भेजने ,एव सरकार द्वारा लंबित शिक्षक पात्रता भर्ती एवं अन्य परीक्षा में ओबीसी वर्ग के लिए 27त्न आरक्षण लागू तुरंत करने के लिए कहा गया हैरिक्त पदों की गणना कराकर रिक्त पदों की पूर्ति का अभियान चलाकर ओबीसी के सभी रिक्त बैकलॉग पदों को पूरा करने एवं मध्य प्रदेश आरक्षण अधिनियम 1994 तक संबंधी नियमों को संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजने सहित कई मांगों के साथ आज ज्ञापन दिया गया।इस अबसर पर जिलाध्यक्ष ओबीसी राजेश कुशवाह,प्रदेश संगठन मंत्री मंसाराम कुशवाहा जी जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट कप्तान सिंह कुशवाहा जी जिला कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा कुशवाहा जी जिला उपाध्यक्ष हर्षिता गुर्जर जी जिला उपाध्यक्ष ज्योति राठौड़ जी विजय रागिनी जी राजू कुशवाहा गोपाल लोधी, दिनेश नरवरिया आकाश कुशवाहा लोकेंद्र गुर्जर के साथ कई साथी गण उपस्थित रहे।

## मंदिर बचाओ अधिकारी भगाओ



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु** ~उच्च न्यायलय के आदेशानुसार शहर के प्रमुख मार्गो पर बने मंदिर जो जिससे जनता के आवागमन में अड़चन पैदा करते हो,एसे मंदिरो को ध्वस्त करने को कहा है द्य जवाबदार अधिकारियों ने 92 मंदिरो को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया हैं द्य अधिकारियों ने रात के समय में मंदिर तोड़ने की कार्यवाही को अंजाम दिया हैं द्य जिससे सनातन धर्म प्रेमियों में रोष व्याप्त है द्य जिन्होंने अधिकारी हटाओ मंदिर बचाओ का नारा देते हुए सख्त विरोध प्रदर्शन किया गया है द्य बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि हम जवाबदार अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं द्य मंदिर तोड़फोड़ की कार्रवाई से सनातन धर्म प्रेमियों की आस्था पर चोट पहुंची है,जो न्याय संगत नहीं है द्य इस कार्रवाई को तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए द्य अन्यथा भविष्य में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा द्य इस अवसर पर पूर्व पार्षद एमडी पार्थसारथी ने कहा कि अधिकारी एक अभियान के तहत विदेशी आततायी मोहम्मद गजनी के नक्शे कदम पर चल कर मंदिरों को तोड़ा जा रहा है द्य

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद एमडी पार्थसारथी,महिला एवं बाल कल्याण विकास निगम निदेशक रेणुकरजा,जू अथॉरिटी के सदस्य ज्योति रकराना, नागमणि,बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित, विक्रम अयंगर,अजय शास्त्री,शचंद्र, राजना, कृष्ण, नवीन, केम्पी, रंगास्वामी, कड़कोला जगदीश, बसवराज बसप्पा,सुचिंद्र आदि उपस्थित रहे।



## कोमल जंघेला ने किया हरदेव लोधी समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

हरदेव लोधी समाज लांजी से कोमल जांघेला पूर्व विधायक खैरागढ़ एवम् पूर्व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन ने मुलाकात कर? समाज? के रिति-रिवाज और परंपराओं के बारे में मार्गदर्शित किया। सभी सामाजिक बंधु लांजी रेस्टहाउस पहुंचकर भेंट की। इस दौरान दिलीप जांघेल सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिवकुमार वर्मा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष धमधा , पुरण चंदेले सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस दौरान हरदेव लोधी समाज के प्रतिनिधि के रूप में सर्व श्री भूपेश करहि , मोतीचंद कलपुरे , यादोराव पाड़े , पुरसोताम अस्तने , ताराचंद कुचलाहे ,आसाराम कुसले, सरजीत कुचलाहे , वैभव सिंह बडघैया , युवराज चंदेले, मुकेश बड़घैया , दिनेश कचवाहे , झनकार बड़घैया जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## स्वामित्व योजना के तहत उज्जैन जिले में ड्रोन से सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ हुआ

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**
**(उमरिया खालसा में पहला ड्रोन उड़ा)**



**उज्जैन ।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में सम्पत्ति सर्वेक्षण का अभियान प्रारम्भ किया गया है। उज्जैन जिले में इस अभियान के तहत आज सबसे पहला ड्रोन उज्जैन तहसील के ग्राम उमरिया खालसा में उड़ा। भारत सरकार की स्वामित्व योजना के अन्तर्गत संचालित इस सर्वेक्षण का उद्देश्य नक्शे के आधार पर सम्पत्ति के मालिकाना हक का शासकीय दस्तावेज तैयार करना है। ग्रामों का आबादी नक्शा तैयार करने का कार्य ड्रोन के प्रयोग द्वारा किया जा रहा है।

कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर आज जिले में ड्रोन से सर्वेक्षण का कार्य उज्जैन तहसील के ग्राम उमरिया खालसा से प्रारम्भ हुआ। ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य अधीक्षक भू-अभिलेख सुश्री प्रीति चौहान एवं उनकी टीम की उपस्थिति में किया जा रहा है। सर्वेक्षण के बारे में बताया गया कि ड्रोन द्वारा आबादी का सर्वेक्षण कर उन सम्पत्ति धारकों के अधिकारों का दस्तावेज तैयार किया जायेगा, जो मप्र भू-राजस्व संहिता-1959 (यथा संशोधित 2018) के लागू होने की दिनांक 25.09.2018 को उस आबादी भूमि का उपयोग कर रहे थे अथवा जिन्हें इस दिनांक पश्चात विधिपूर्वक आबादी की भूमि में भूखण्ड आवंटित किया गया है। ड्रोन सर्वेक्षण के पूर्व ड्रोन द्वारा आबादी सर्वेक्षण हेतु निश्चित दिनांक से एक दिन पहले ड्रोन द्वारा सर्वे कार्य की जानकारी ग्रामवासियों को देने के लिये सार्वजनिक मुनादी करवाई जायेगी। पटवारी द्वारा आबादी की भूमि की बाह्य सीमा को चूना या चूने के घोल के माध्यम से मौके पर चिन्हित किया जायेगा। सम्पत्ति के साथ संलग्न खुले क्षेत्र की सीमाएं सम्पत्ति धारक से चूने या चूने के घोल से चिहिन्त कराई जायेगी। सम्पत्ति की सीमाएं चिन्हित करते समय यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो ग्राम स्तरीय समिति के माध्यम से इसका निराकरण कराया जायेगा। शासकीय सार्वजनिक उपयोग की ग्राम पंचायत की सम्पत्ति एवं विभिन्न विभाग की सम्पत्तियों का चिन्हांकन तहसीलदार द्वारा गठित दल द्वारा किया जायेगा। विभागों की सम्पत्ति के चिन्हांकन के समय सम्बन्धित विभाग का प्रतिनिधि उपस्थित रहेगा। ड्रोन के उड़ान भरने पर एवं उतरने हेतु खुला स्थान चुना जायेगा, जिससे आमजन या सार्वजनिक सम्पत्ति को कोई नुकसान न पहुंचे।

## युवा मंडल द्वारा आदिवासी युवाओं व मण्डल के युवाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया




**अमित शर्मा रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** गिर्द विकास युवा मण्डल सिमरिया टांका, जिला ग्वालियर द्वारा दिनांक 12-09-2021 को आदिवासी युवाओं व मण्डल के युवाओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन सिमरिया टांका में किया गया, जिसमें आदिवासी युवाओं व मण्डल के युवाओं जिन्होंने कोरोना वेक्सीनेशन, आयुष्मान कार्ड बनवाने व वृक्षारोपण कार्य मे सहयोग किया है, उनका सम्मान मण्डल की ओर से प्रमाण पत्र व टीशर्ट प्रदान कर किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री दिनेश शर्मा जी पुरोहित जी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन श्री गजेन्द्र रावत ने किया, मंडल के संचालक श्री गजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा इस अवसर पर बताया गया कि कोरोना जैसी महामारी से बचने का एक मात्र उपाय वेक्सिनेशन है, इसीलिए हम सभी को वेक्सिनेशन अवश्य कराना चाहिए आदिवासी भाइयों मण्डल के युवाओं द्वारा वेक्सिनेशन व आयुष्मान कार्ड बनवाने व वृक्षारोपण कार्य मे भी बहुत सहयोग किया गया है, इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले आदिवासी भाइयों व मण्डल के युवाओं का सम्मान भी किया गया, कार्यक्रम में युवा मंडल के साथी अभिषेक राठौर, हरेन्द्र सिंह चौहान, विशम्भर शर्मा, मनीष नामदेव, भरत राठौर, शिवराज रजक, सीताराम कुशवाह, दीपराज कुशवाह, दीपक जाटव, अमित राठौर, मनोज सोनी, नीलेश, राजकुमार, अनिल, गब्बर, राहुल, सुल्तान, सुनील, सूरजभान, अर्जुन, मानसिंह, रामवीर, संदीप, दीना, सुरेंद्र, चंदू,हीरा,हरि सिंह, शिवचरण, बादाम, अरविंद, सोनू, सुरेंद्र, सन्नी, गोविंद, सुदामा, वीरेंद्र आदिवासी आदि शामिल रहे, युवा मंडल द्वारा इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम पूर्व में भी आयोजित किये गए हैं व ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को वेक्सीन लगवाने व वृक्षारोपण के लिये जागरूक किया है।

## सट्टा जुआ के विरुद्ध महुआ पुलिस की ताबड तोड कार्यवाही...

**पुलिस ने पकड़े चार जुआरी ?7800 नगद एवं ताश की गड्डी बरामद**



**पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह... पुलिस अधीक्षक ललित कुमार शाक्यवार द्वारा इन दिनों पूरे जिले में जुआ सट्टा एवं अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए गए हैं इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया एवं एसडीओपी अंबाह अशोक सिंह जादौन के मार्गदर्शन में महुआ थाना पुलिस द्वारा जुआ खेलने वाले अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई आज मुखबिर की सूचना से ग्राम रठा में स्कूल के पीछे बाजरा के खेत में मेड पर जुआ खेलने की सूचना थाना प्रभारी पार्थ सिंह परिहार को मिली श्री परिहार ने एक्शन लेते हुए पुलिस दल बनाकर जुआ खेलने वाले स्थान पर जाकर दबिश दी तो वहां से 4 जुआरियों को मौके से पकड़ लिया, साथ ही ?7800 नगद एवं ताश की गड्डी जप्त कर चारों जुआरियों को थाने लाया गया और उनके विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट कायम किया गया साथ ही मामले को विबेचना में लिया गया जुआ पकड़ने वाली टीम में थाना प्रभारी पार्थ सिंह परिहार, जेपी शर्मा, सियाराम,चंद्रशेखर शर्मा, देवेंद्र बोहरे, संदीप सिंह शामिल थे ज्ञात रहे कि महुआ थाना पुलिस द्वारा आए दिन अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है।

# बहन के साथ छेड़छाड़ करने वाले मनचले को भाई ने लगाई फटकार

## चार दिन बाद आरोपियों ने किया धारदार हथियारो से किया कातिलाना हमला

**भोपाल(ए)।** राजधानी के टीला जमालपुरा थाना इलाके मे स्थित पुतघर इलाके में चार बदमाशो द्वारा युवक पर कातिलाना हमला किये जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि चार दिन पहले वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी ने युवती से छेडख़ानी की थी। युवती ने आरोपी कि करतूत की जानकारी अपने भाई को दी। इसके बाद भाई ने आरोपियों को जमकर फटकार लगाते हुए आगे से ऐसा न करने कि हिदायत दी थी। इसी रंजिश का बदला लेने बीती रात 11 बजे चारों मनचलों ने युवक को चलती गाड़ी से गिराया। ओर फिर उसके साथ मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर उसका एक कान काट दिया। इस दौरान एक बदमाश ने उसके सिर में चाकू से वार किया, वहीं तीसरे बदमाश ने फरियादी के गले पर वार किए। जबकि चौथा लात-घूसों से उसे पीटता रहा। वारदात को सरेराह अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गये। चाकुबाजी की सरेआम हुई घटना से क्षेत्र में दहशत बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में लेते हुए उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सोहेल पुत्र अनीस (22) निवासी पुतघर कबाडख़ाने में सेकंड हैंड टायर बेचने का कारोबार करता है। उसके मोहल्ले में ही आरोपी अली, आसिफ, यूनुस और अनस रहते हैं। चार दिन पहले फरियादी की बहन कही जा रही थी। उस समय अली ने उसपर अश्लील कमेंट्स किए थे। उसके साथ में तीनों अन्य आरोपी भी मौजूद थे, जो युवती का मजाक उड़ा रहे थे। पीड़िता ने घर पहुंचने के बाद में मामले की जानकारी भाई सोहेल को दी। सोहेल ने आरोपियों की तलाश की और उन्हें जमकर फटकार दिया। सोहेल की फटकार को



लेकर आरोपी उससे रजिंश रखे हुए थे। बीती रात सोहेल दोस्त फरहान के साथ बाइक पर सवार होकर घर के लिए जा रहा था। रास्ते में चारों आरोपी घात लगाकर उसका इंतजार कर रहे थे। मोहल्ले मे ही बदमाशों ने चलती गाड़ी से फरहान और सोहेल को धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद में आरोपियों ने चाकू से छुरी से उसपर हमला किया। सोहेल में पुलिस को बताया कि पहला वार अली ने उसके कान पर किया। जिससे उसका दाहिना कान व गाल कट गया। आसिफ ने उसके सिर में चाकू मारा, जिससे सिर में गंभीर घावल हो गया। इसके बाद में यूनुस ने सोहेल का गला रेतने का प्रयास किया और गले पर गहरा वार किया। जबकि अनस उसे लात-घूसों से पीटता रहा। आस पास खड़े लोग वहॉ पहुचे तो आरोपी वहॉ से फरार हो गये।

## महिला के प्रेमी ने पति को भेजा आपत्तिजनक वीडियो

**भोपाल।** राजधानी के एमपी नगर थाना पुलिस ने पूर्व प्रैमी द्वारा विवाहिता का अश्लील वीडियो वायरल कर विवाहिता के पति को भेजे जाने की शिकायत पर आरोपी प्रैमी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया गया है कि युवती की शादी के बाद भी महिला का पूर्व प्रेमी उसके साथ संबंध बनाए रखना चाहता था। जब महिला ने इंकार किया तो प्रैमी ने पुराने आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर महिला को अश्लील वीडियो बनाकर भेजने के लिए मजबूर किया। बाद में युवक ने यह वीडियो महिला के पति को भेज दिया। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने छेड़छाड़ व आईटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। एमपी नगर पुलिस ने बताया कि 20 साल की युवती ने अपनी शिकायत मे बताया कि करीब दो साल पहले अपने परिचित के यहां सागर गई थी। इसी दौरान उसकी पहचान मनीष से हो गई। उनके बीच फोन पर भी बातचीत होने लगी। मुलाकात के दौरान मनीष ने उसके कुछ अश्लील वीडियो बना लिए थे। कुछ समय पहले उसकी शादी भोपाल के साकेत नगर में हो गई, उसका पति निजी कंपनी मे काम करता है। उसकी शादी के बाद बाद से मनीष उसे परेशान करने लगा। आरोपी उसकी शादी के बाद भी उससे संबध बनाये रखने ओर पति को छोडकर उसके पास आने को लेकर दबाव बनाता था। इतना ही नही आरोपी भोपाल आकर पीडीता का पीछा करता और विरोध करने पर छेड़छाड़ करता था। आरोपी ने महिला को फोन कर एक अश्लील वीडियो बनाकर भेजने को कहा। महिला ने मना किया तो उसने धमकाते हुए कहा कि यदि उसने वीडियो नहीं भेजा तो वह पुराने कुछ वीडियो और फोटो उसके पति के मोबाइल फोन पर भेज देगा। धमकी से डरकर महिला ने वीडियो बनाकर भेज दिया। यही अशलील वीडीयो आरोपी ने 31 जुलाई को उसके पति को भेज दिया। इसके बाद से घर में विवाद होने लगा। पति और परिजनों की सहमति से विवाहिता ने मनीष के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने मनीष के खिलाफ छेड़छाड़, आईटी एक्ट और धमकी देने समेत पांच धाराओं में अपराध दर्ज किया। पीडीता ने पुलिस को बताया कि आरोपी मनीष बीते कई दिनों से उसे वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। उसका कहना था कि अगर वह पति को छोड़कर उसके पास नहीं आई तो वह उसका वीडियो वायरल कर देगा। पीडीता ने उसे कई बार समझाईश देने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिये जल्द ही पुलिस पार्टी सागर भेजी जाएगी।

## वन-टू-वन

### प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन पर सेवा और समर्पण अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत की बैठक



**मुरैना से ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पोरसा //** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा के द्वारा आज भाजपा कार्यालय प्रेम मेडिकल स्टोर पर बैठक आयोजित की गई जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म जयंती पर सेवा और समर्पण अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक कार्यक्रम सुनिश्चित किए गए सेवा सप्ताह में नमो टीकाकरण अभियान स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की टोली मंदिर स्वच्छता अभियान हनुमान चालीसा पाठ सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान रक्तदान अनाथालय अस्पतालों एवं वृद्ध आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम पौधारोपण जैसे कई कार्यक्रम किए जाएंगे कार्यक्रमों के सभी प्रभारी नियुक्त किए गए इस बैठक में राजकुमार व्यास आनंद सिंह तोमर नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता नगर प्रभारी साहिब सिंह तोमर पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण गुप्ता राकेश उपाध्याय अरविंद तोमर कमल जाटव लक्ष्मी शर्मा अशोक पार्षद राघवेंद्र कटारे योगेश शर्मा संदीप उपाध्याय अशोक गुप्ता रमाकांत शर्मा लोकेंद्र तोमर पवन गुप्ता राजेश वर्मा विपिन वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डॉ भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय, ग्वालियर में आजादी के अमृत महोत्सव पर हिन्दी पखवाडे के अन्तर्गत

**निबंध प्रतियोगिता का आयोजन।**

**अरविंद राठौर रिपोर्टर**

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव पर हिन्दी पखवाडें के अंतर्गत संस्था, जिला, संभाग एवं



राज्य स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक स्तर पर तीन विजयी प्रतियोगियों का चयन किया जाना है। जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान रहेगा । कोरोना को दृष्टिगत रखते हुये सभी स्तरों पर प्रतिभागी अपनी संस्था से ही सहभागिता प्राचार्य द्वारा नियुक्त वीक्षक की निगरानी में करेंगें। इस क्रम में संस्था ( महाविद्यालय) स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता का विवरण निम्नानुसार रहेगा। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में हिन्दी की भूमिका इस पर निबंध का आयोजन किया जाना है जो कि 14 सितम्बर 2021 दोपहर 01 से 01ः45 (45 मिनिट) रहेगा जिसमे 1000 शब्द (अधिकतम) सीमा रहेगी जो कि डॉ भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय कक्ष क्रमांक 4

एवम 5 आयोजित की जाएगी।

आयोजन समिति इस प्रकार रहेगी-

1. डॉ वसुधा अग्रवाल प्राचार्य एवं संरक्षक
2. डॉ विजय गंभीर, विवेकानंद प्रकोष्ट प्रभारी
3. डॉ जे.पी. सिंह प्रकोष्ठ सदस्य
4. डॉ सीता अग्रवाल प्रकोष्ठ सदस्य

### लॉटरी शुरु करने के खिलाफ कॉग्रेस ने सौपां ज्ञापन

**भोपाल।** सरकार द्वारा लॉटरी शुरु किये जाने के निर्णय को आत्मघाती बताते हुए जिला कॉगेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष ओर समाजसेवी औसाफ अली बब्लू ने इसका विरोध करते हुए भोपाल कलेक्टर को मध्यप्रदेश में लॉटरी शुरू न किये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। कांगेस नेता ने और उन्हें अवगत कराया कि यदि लॉटरी शुरू होती है, तो उसके दुष्परिणाम सामने आयेगे। बब्लू औसाफ का कहना ळै कि कोरोना महामारी के कारण गरीब जनता पहले ही आर्थिक तंगी से जुझ रही है, ओर काम न होने के कारण हर वर्ग अपने परिवार के लिये दो जून की रोटी का प्रंबध बडी मुश्किल से कर पा रहा है।

# जिला प्रशासन की नई पहल कोई भी नागरिक छूटे नहीं और सुरक्षा चक्र टूटे नहीं

**नीरज त्रिपाठी**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड( ब्यूरो)।कोई भी नागरिक छूटे नहीं और सुरक्षा चक्र टूटे नहीं.... इसी नई पहल के तहत जिला प्रशासन, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों द्वारा वैक्सीनेशन को लेकर घर-घर सर्वे किया जा रहा है। इस नई पहल का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि हर परिवार के पात्र 18 वर्ष से ऊपर की उम्र वाले व्यक्तियों को कोरोना महामारी के विरुद्ध वैक्सीन लग सके। जिला प्रशासन ने डोर टू डोर सर्वे का एक महाभियान छेड़ा है। अभियान की बड़ी बात यह है कि उक्त सर्वे के क्रम में जो भी परिवार अथवा उसके जो भी पात्र सदस्य वैक्सीन से वंचित पाए जा रहे हैं, उन्हें उनके घर पर ही वैक्सीन लगाने का कार्य किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग एवं नगरीय निकाय की टीमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित घरों पर दस्तक देकर उसमें बसे परिवार के वैक्सीनेशन की जानकारी ले रही हैं। सर्वे के क्रम में ही टीमों द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है कि उस घर-परिवार में कोई वैक्सीनेशन से वंचित नहीं रहने पाए। घर-परिवार में किसी के वंचित मिलने पर स्वास्थ्य अमले द्वारा मौके पर ही टीकाकरण किया जा रहा है। इस अभियान का बड़ा मकसद भी यही है कि भिण्ड जिले में बसे सभी पात्र व्यक्तियों का शत् प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण हो सके।



शत् प्रतिशत वैक्सीनेशन की दिशा में कहीं तनिक भी चूक नहीं रह जाए, इस नजरिए से कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा अभियान की मॉनिटरिंग भी मिनिट टू मिनिट की जा रही है।

# चांचोड़ी में देवछठ समारोह की 14 वी वर्षगांठ पर निकाला वरघोडा, भजन संध्या में झूमे श्रोता-

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**



पाली। रानी निकटवर्ती चांचोडी ग्राम में मेंघवाल नवयुवक मंडल संस्थान द्वारा आयोजित देवछठ समारोह की 14 वी वर्षगांठ पर कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए बडे हर्षोउल्लास से मनाया गया । रविवार को दोहपर बाद अलखजी मंदिर से वरघोडा शुरू होकर बाबा रामदेव मंदिर होते हुए मन्नीनाथजी मंदिर पहुँचा जहॉ पुजा अर्चना कर ध्वजा चढाई ।तथा गांधी चौक होते हुए पुनः मंदिर पर समापन हुआ। श्रदालुओं द्वारा बडी श्रदापूर्वक गाजे बाजे के साथ मन्नीनाथजी मंदिर पर ध्वजा भी चढाई गई । वरघोडा में श्रदालुओं ने जमकर नृत्य किया ।

वहीं शाम को बाबा रामदेवजी मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया । जिसमें एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुती पेश कर समां बांध दिया। भजन संध्या में श्रोतागण जमकर भजनों का आनंद लिया।

समारोह में सहयोग करने वाले सभी भामाशाहों व दानदाताओं का संस्थान के अध्यक्ष मगराज चौहान द्वारा आभार प्रकृट किया गया। इस दौरान अध्यक्ष चौहान द्वारा देवछठ समारोह पर श्रदालुओं को मास्क का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मगराज चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश माधोकी,कोषाध्यक्ष चम्पालाल चौहान,सचिव बगदाराम चौहान,सुरेश बाघोला,जीवाराम,रमेश कुमार,गणेशराम,उत्तम,राजु, सहित श्रदालु मौजूद थे ।



14 सितंबर - हिंदी दिवस

हिंदी पर हमे विस्वास  
हिंदी पर हमे विस्वास  
जिसको हिंदी पर गर्व नही,  
जिसको हिंदी की महानता पर,  
अब भी विस्वास नही।  
वे नेता हो या शासक हो,  
विहना हो या विधायक हो,  
वे ही किसान मजदूर भाई,  
कवि लेख़क या अधिकारी हो,  
हो किसी पार्टी के नेता,  
या रंग मंच के अभिनेता,  
काबा हो या काशी हो,  
मैं केवल इतना पूछ रहा,  
युग हुआ कलंकित तो बोलो,  
युग निर्माता का क्या होगा,  
बदनाम भले हम हो जाये,  
बदनाम भले तुम हो जाओ,  
बदनाम हुई हिंदी तो,  
भारत माता का क्या होगा  
भारत माता का क्या होगा।

**रचनाकार - भूपेश भ्रमर**

# जिला शिक्षा अधिकारी ही नहीं कलेक्टर पर भारी है क्रमांक दो विद्यालय गोहद के प्रधानाध्यापक

**गोहद।** भिंड जिला में शिक्षा विभाग में कहां तक भ्रष्टाचार और अवस्थाएं एवं मनमानी का दौर चल रहा है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद से ही पता चल जाता है जहां सदस्य प्रधानाध्यापक देशराज सिंह ने अपने लंबे 14 वर्ष के कार्यकाल में विद्यालय में व्यवस्था के नाम पर टेबल तक नहीं जुटा पाई कोरोना संकट के बाद विद्यालय मैं छात्र छात्राओं का आना प्रारंभ हो गया है परंतु उनके लिए बैठने के लिए टाट पट्टी पीने के लिए पानी तक की व्यवस्था नहीं है विद्यालय भवन में चारों ओर गंदगी का अंबार दिखाई देता है क्लास के दरवाजे पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ी रहती है और भैंस बंधु रहती है प्रधानाध्यापक द्वारा कोई प्रतिकार नहीं किया जाता छात्र छात्राओं के लिए जो टॉयलेट बने हुए हैं गंदगी छुपाने के लिए उनमें ताले पड़े रहते हैं जो भी पंखे लगे हैं वह अधिकांश बंद



रहते हैं विद्यालय स्टॉप को रेखा अलमारी तक नहीं दी गई हैं और जो भी अलमारी हैं उनमें ताले पड़े हुए हैं या फिर उनमें जंग के कारण बंद हो गई है जो खुलती नहीं है पानी की बूंद बादल से गिरते ही जमीन पर आ जाती है आता है कक्षाओं में बरसात होते ही पानी भर जाता है बच्चों के लिए हाथ धोने और पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है एक 1 वर्ष से अधिक समय से मध्यान भोजन पूरी तरह से बंद है विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने कक्ष पर प्राचार्य लिखवाया है और मन म मनमानी पूर्ण व्यवहार करते हैं इस बारे में सभी अधिकारियों से बात की जा चुकी है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है यहां तक की कलेक्टर महोदय के अनुमोदन से जिला शिक्षा अधिकारी भिंड द्वारा इन्हें झाकरी हाई स्कूल के लिए विगत दिसंबर जनवरी में कार्यमुक्त किया गया था लेकिन इन्होंने मनमानी और हठधर्मिता बनाए हुए खंड शिक्षा अधिकारी के आदेश का कोई पालन नहीं किया और आज भी विद्यालय में तानाशाही पूर्ण कार्य करते हुए मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं विद्यालय में पालक शिक्षक संघ की बैठक भी नहीं होती है यह तो केवल चेक पर इकट्ठे हस्ताक्षर कराकर भुगतान कर रहे हैं शिक्षा विभाग की यह दशा सोचने योग्य वरिष्ठ अधिकारियों को शीघ्र ही कार्यवाही कर ऐसे हट धर्मी प्रधानाध्यापक को विद्यालय और छात्र हित में शीघ्र ही गोहद से कार्यमुक्त कर अन्यत्र भेजने चाहिए भेज कर जांच कर कार्यवाही करना चाहिए

# इंदौर शहर के विकास में आगे आए लोग

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**9826576206**

**(निगम द्वारा चिंहाकित बायपास के किनारे होटल, ढाबे व अन्य निर्माण हटाने नागरिक स्वंय आये आगे)**

इंदौर। इंदौर शहर हमेशा ही अपने संकल्पों को सार्थक करने के लिये देशभर मे जाना जाता रहा है। जिस तरह जिले की अनुशंसा के परिणामस्वरूप इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर बना उसी तर्ज पर अब जनभागीदारी से इंदौर को सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त बनाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिभा पाल के निर्देशन में निगम द्वारा इंदौर बायपास के दोनो ओर 4-4 लेन के सर्विस रोड से लगकर 45 मीटर के कन्ट्रोल एरिया में निर्मित ढाबे, रेस्टोरेन्ट, होटल, शो रूम, मैरिज गार्डन व अन्य निर्माणो के मौके पर नप्ती पश्चात शहर विकास में सहयोग करते हुए नागरिक आगे आकर स्वयं अपने निर्माण हटा रहे है।

निगम द्वारा बायपास के दोनो ओर 4-4 लेन के सर्विस रोड से लगकर 45 मीटर के कन्ट्रोल एरिया में निर्मित ढाबे, रेस्टोरेन्ट, होटल, शो रूम, मैरिज गार्डन व अन्य निर्माणो की पूर्व में की गई नप्ती अनुसार निर्माण हटाने का कार्य दुकानदारो व भवन स्वामी द्वारा स्वंय किया गया, जिनमें बिचोली मरदाना बायपास सर्विस रोड पर स्थित होटल प्राइड द्वारा की गई नप्ती अनुसार निर्माण हटाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही कनाडिया बाईपास अंडर ब्रिज के पास भवन स्वामी कुसुम वर्मा, बिचोली हप्सी बाईपास किनारे भवन स्वामी कुणाल अग्रवाल द्वारा निगम की नप्ती अनुसार निर्माण हटाने का कार्य किया गया।

इसके साथ ही निगम की टीम द्वारा बिचोली हप्सी स्थित रॉयल मोटर्स बिचोली बाईपास स्थित केटू ढाबा एवं बिचोली बाईपास स्थित ऑल इन वन कार क्लिनिक के नप्ती आने वाली साइन बोर्ड, टीन शेड, पक्का निर्माण, बाउंड्री वॉल एवं अन्य क्षेत्र को निगम की टीम द्वारा हटाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही तेजाजी नगर चौराहे से बिचोली मरदाना बायपास के सर्विस रोड के किनारे स्थित जेके टायर एवं ओके इंटरप्राइजेज के मालिक अयूब खान द्वारा अपने निर्माण को हटाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही कंट्रोल एरिया में बाधक पंजाबी ढाबा के भवन स्वामी अमरजीत सिंह द्वारा कच्चा एवं पक्का निर्माण हटाने का कार्य स्वयं किया गया। भवन स्वामी राजेश पटेल द्वारा शर्मा बॉडी बिल्डर, भवन स्वामी कविता पति राकेश कुशवाह द्वारा राकेश ट्रैक मोटर गैरेज, भवन स्वामी जगदीश जोगिंदर सिंह धारीवाल, भवन स्वामी पप्पू सिंह चौहान द्वारा राजस्थानी ढाबा, भवन स्वामी हरजीत सिंह द्वारा सतनाम स्टोन, भवन स्वामी सोहनलाल रघुवंशी, इस्लाम पटेल का ढाबा, औरिन कैफे एंड रेस्ट्रो, ह्य1 ढाबा, होटल मिडास, जय गुरुदेव बाबा,एवं अन्य भवन स्वामियों द्वारा अपने अपने दुकान, ढाबे, होटल, मैरिज गार्डन, गैरेज, ऑफिस व अन्य व्यवसायिक गतिविधियों में संलग्न भवन, कच्चा पक्का निर्माण, टीन शेड, दीवार, साइन बोर्ड एवं अन्य निर्माण को स्वयं द्वारा निगम के संसाधनों के माध्यम से हटाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही ओमेक्स सिटी द ग्रैंड भगवती होटल के सामने महेश पंचोली जी द्वारा स्वयं ही चारों दुकानें खाली कर बाधक हटाया गया।

**(निगम करेगा सहयोग उपलब्ध कराएगा संसाधन)**

आयुक्त सुश्री पाल द्वारा अपर आयुक्त संदीप सोनी व नगर निवेशक श्री विष्णु खरे, क्षेत्रीय भवन अधिकारी व भवन निरीक्षको को निर्देश दिये गये कि शहर हित में नागरिको द्वारा स्वंय आगे आकर बायपास चौडीकरण में बाधक हिस्से को हटाया जा रहा है, यदि नागरिको को किसी सहयोग कि आश्यकता हो तो उन्हे तत्काल जेसीबी, पोकलेन, डंपर व अन्य संसाधन उपलब्ध कराते हुए कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिए गए। निगम के वाहनों से बाधक हटाने के लिए एनाउंसमेंट लगातार किया जा रहा है साथ ही नागरिकों से अपील की जा रही है कि यदि उन्हें कोई संसाधन या सहयोग की आवश्यकता है तो वह निगम उपलब्ध कराएगा।

# शासकीय अमले का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए

**संभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग में टीकाकरण कराने का प्रमाण-पत्र भी दें संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने संभागीय अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश**

**ग्वालियर।** कोविड-19 के टीकाकरण का कार्य सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। सभी संभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कोविड के दोनों टीके लगवाकर प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें। कोई भी अधिकारी-कर्मचारी टीकाकरण से वंचित न रहे। यह सुनिश्चित किया जाए। जिन लोगों को द्वितीय टीकाकरण लगाने में अभी समय बाकी है, उनको छोड़कर सभी का टीकाकरण कराया जाए। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने सोमवार को संभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए हैं।



मोतीमहल के मानसभागार में आयोजित बैठक में टीकाकरण के महाअभियान के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी विभागों के संभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने यह भी निर्देशित किया है कि संभागीय अधिकारी न केवल अपने जिले में बल्कि अपने प्रभार के सभी जिलों में अपने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का टीकाकरण कराकर प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि 17 सितम्बर को आयोजित होने वाले टीकाकरण महाअभियान में भी सभी विभागीय अधिकारी अपनी पूरी क्षमता के साथ शतप्रतिशत टीकाकरण के लिये कार्य करें। अपने अधीनस्थों को भी टीकाकरण कराने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करने के कार्य में लगाएँ। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए हैं कि वर्तमान समय में डेंगू बीमारी की शिकायत मिल रही है। डेंगू से बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ ही घर-घर सर्वेक्षण का कार्य भी किया जाए। ऐसे सभी स्थान जहाँ पर डेंगू का लार्वा हो सकता है उसको समाप्त करने की कार्रवाई भी अभियान चलाकर की जाए। पानी के सभी स्त्रोतों का निरीक्षण कर आवश्यक उपाय भी किए जाएं। संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा है कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ शासकीय योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक समय पर पहुँचे, इसके लिये कार्य करें। योजनाओं के क्रियान्वयन को विभागीय अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

### सोशल मीडिया का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए

संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बैठक में यह भी कहा है कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया का अधिकतम उपयोग हो रहा है। शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में भी इसका बेहतर उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन की उपलब्धियों को समाचार पत्र, इलेक्ट्रोनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी डाला जाए। इसके साथ ही ऐसी खबरें जो सत्यता से परे हैं उसके संबंध में वस्तुस्थिति उसी दिन जनसंपर्क विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि वस्तुस्थिति से आम जनों को अवगत कराया जा सके।

## नैनो न्यूज

### जेसीआई ग्वालियर प्रियदर्शनी ने किया सेंट्रल जेल डेंटल चेकअप केम्प का आयोजन



**ग्वालियर।** जेसीआई द्वारा 9 -15 सितंबर तक जेसी सप्ताह मनाया जाता है इसके अंतर्गत 13 सितम्बर सोमवार को दोपहर 1बजे से 5 बजे तक जेसीआई ग्वालियर प्रियदर्शनी द्वारा डेंटल चेकअप केम्प का आयोजन सेंट्रल जेल बहोड़ापुर मे 250 कैदियों का चेकअप करा करके दवाईया , ब्रश और पेस्ट दिये गये ।कार्यक्रम में मनोज साहू जेल सुपरिटेंडेंट चीफ गेस्ट, प्रभात कुमार जेलर गेस्ट ऑफ ऑनर एवं डॉक्टर अमित जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजिका जेसी मोना शर्मा एवं अध्यक्षता जेसी रुचि अग्रवाल ने की और आभार जेसी ज्योति अग्रवाल ने किया कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष जेसी नीलम जैन एवं पूर्व अध्यक्ष वीक कनवीनर जेसी ममता अग्रवाल उपस्थित थीं।

### पुलिस ने चोर दबोचा चोरी का माल बरामद

**ग्वालियर।** चोरी का मोबाइल बेचने घूम रहे एक शातिर चोर को बहोड़ापुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।पकड़े गए चोर से पूछताछ के दौरान एक चोरी का खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी का माल भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि तिराहे के पास एक युवक मोबाइल बेचने के लिए घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस के जवानों ने बताए गए स्थान की घेराबंदी कर वहां से सद्दाम खान नामक युवक को दबोच लिया। पुलिस ने युवक के पास से एक मोबाइल बरामद किया। पूछताछ के दौरान पता चला कि चोर ने पुलिस लाइन में एक सूबेदार के यहां हाथ मारा था और वहां से मोबाइल के साथ अन्य सामान भी चोरी किया था ।पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के गहने नगदी तथा अन्य सामान बरामद किया है ।पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

### प्लॉट के फर्जी दस्तावेज तैयार कर 36 लाख



### का लोन निकाला, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** शहर के एक सराफा कारोबारी के प्लॉट के फर्जी दस्तावेज तैयार कर 36 लाख रुपए का लोन भी निकाल लिया गया और व्यापारी को पता भी नहीं चला। जब लोन की एक भी किश्त नहीं भरी गई तो बैंक ने व्यापारी की प्रॉपर्टी पर नोटिस चस्पा कर दिया गया। इसके बाद पूरी घोखाधड़ी का खुलासा हुआ है। कारोबारी ने मामले की शिकायत विवि थाने में की है। जिस पर पुलिस ने जांच के बाद गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार उपनगर मुरार के सदर बाजार निवासी सतीश अग्रवाल पुत्र एमएल अग्रवाल सराफा कारोबारी हैं। उनकी मुरार सदर बाजार में सतीश ज्वेलर्स के नाम से शॉप है। 2015 में उन्होंने ग्वालियर विकास प्राधिकरणकी योजना के तहत आनंद गृह निर्माण समिति से एक प्लॉट खरीदा था। प्लॉट खरीदने के बाद उन्होंने उसका नामांतरण भी करा लिया और उस पर निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया। इसी बीच उनके पास बुल हाउसिंग फाइनेंस कंपनी से एक

## बाइक सवार बदमाशों ने बीएसएफ के हवलदार और उसकी पत्नी पर कट्टे के बट से किया हमला

**ग्वालियर।** ग्वालियर से बाइक से टेकनपुर जा रहे BSF के हवलदार और उसकी पत्नी से लूट हो गई। हाईवे पर बाइक सवार बदमाशों ने हमला कर कट्टे के बट और डंडों से पीटा। आरोपी इनसे 2 लाख रुपए के गहने, 5 हजार नकदी और मोबाइल लूट ले गए। वारदात रविवार रात 10 बजे झांसी रोड हाईवे की है। हवलदार ने विरोध करने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने डंडों से पीटा। वारदात में हवलदार घायल भी हो गया। हाथ में फैक्चर भी हुआ है। बिलौआ थाने में लूट का मामला दर्ज किया गया टेकनपुर BSF (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) कैंपस निवासी राकेश शर्मा पुत्र बद्री प्रसाद शर्मा क्र्स्न में बतौर प्रधान आरक्षक पदस्थ हैं। रविवार को वह पत्नी पार्वती के साथ आगरा में बेटी के लिए रिश्ता देखने गए थे। ग्वालियर से उनकी ट्रेन थी। बाइक उन्होंने स्टेशन की पार्किंग में लगाकर आगरा गए थे। वापस आकर रात में बाइक से टेकनपुर लौट रहे थे। वह विक्की फैक्ट्री के पास पहुंचे ही थे, तभी बाइक पर सवार तीन युवकों ने उन्हें क्रॉस किया। राकेश को लगा कि हाईवे पर उत्पात मचाने वाले लड़के होंगे। आगे बल्ली ढाबा के पास बाइक सवार एक बार फिर उनके पास आए। एक बदमाश ने हवलदार की पत्नी की साड़ी खींच दी।




अचानक हुई हरकत से गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। जैसे ही, उन्होंने बाइक रोकी एक बदमाश ने कट्टा तान दिया। दूसरे ने झपट्टा मार कर पार्वती के गले से सोने की चेन झपट ली। जब उन्होंने बदमाशों का विरोध करने का प्रयास किया, तो तीसरे बदमाश ने डंडे से उन पर हमला कर दिया। इसी बीच, बदमाशों ने उनकी पत्नी से चेन के साथ ही सोने की अंगूठी, एक मोबाइल और हाथ घड़ी लूट ली। वारदात के बाद बदमाश बाइक से भाग निकले। पत्नी के पास बचे मोबाइल से हवलदार ने बेटे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद बिलौआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल हवलदार राकेश का इलाज कराने के बाद लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

**हाईवे के साथ ही शहर और देहात में नाकाबंदी:** वारदात का पता चलते ही पुलिस ने हाईवे के साथ ही शहर और देहात में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश में सर्चिंग अभियान चलाया, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए। पुलिस अब ग्वालियर स्टेशन पार्किंग के पास से लेकर हाइवे तक CCTV कैमरे खंगाल रही है। शायद बदमाशों को कोई सुराग लग जाए।

**यह था बदमाशों का हुलिया:** पीड़ित दंपति ने पुलिस अफसरों को बताया कि दो बदमाशों की उम्र करीब 25 से 30 साल और तीसरे की उम्र करीब 40 से 45 साल के करीब होगी। तीनों बदमाशों के चेहरे खुले हुए थे।

## जन शिकायतों के निराकरण में ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं होगी : कलेक्टर श्री सिंह

**ग्वालियर।** जन शिकायतों के निराकरण में ढ़िलाई कदापि बर्दाश्त नहीं होगी। जो अधिकारी-कर्मचारी जन शिकायतों के निराकरण में रूचि नहीं ले रहे हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। यह बात कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अधिकारियों को आगाह करते हुए कही। उन्होंने सोमवार को विभागीय अधिकारियों की मैराथन बैठक लेकर सीएम हैल्पलाइन, समय-सीमा एवं जन-सुनवाई में आईं जन शिकायतों के निराकरण की विभागवार विस्तार से समीक्षा की। साथ ही शासन स्तर, विभिन्न आयोग एवं जनप्रतिनिधिगणों द्वारा लिखे गए पत्रों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा भी बैठक में की। कलेक्टर ने कहा कि एक हफ्ते के भीतर यदि सीएम हैल्पलाइन व टीएल सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में अच्छी प्रगति नहीं आई तो संबंधित अधिकारियों की खैर नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागों के अधिकारी अपने कार्यालय में हर दिन जन शिकायतों के निराकरण की



समीक्षा करें और एक-एक आवेदन को स्वयं देखें। कलेक्टर ने शिकायतों के सकारात्मक निराकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि निराकरण ऐसा हो, जिससे आवेदक को संतुष्टि मिले। बैठक में अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी व श्री रिंकेश वैश्य सहित जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**इनके खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश:** विभागवार समीक्षा के दौरान समय-सीमा वाले पत्रों सहित अन्य जन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही व ढ़िलाई सामने आने पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा और नगर निगम के अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम के संबंधित अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन उन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए जिनकी लापरवाही की वजह से जन शिकायतों के निराकरण में देरी हुई है। कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के समय-सीमा वाले पत्रों के निराकरण में लापरवाही सामने आने पर डॉ. सचिन श्रीवास्तव की एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि इनकी पदस्थापना प्रशासनिक पद पर न की जाए। उन्होंने टीएल के निराकरण में देरी के लिये जिम्मेदार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक वर्ग-3 श्री संजय जोशी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने की हिदायत भी दी। स्वास्थ्य विभाग की एक शिकायत के निराकरण में लापरवाही सामने आने पर शिकायत का निराकरण होने तक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कौरव का वेतन रोकने के निर्देश भी बैठक में दिए। इसी तरह एनआरसी में पदस्थ एक कर्मचारी का बिना कारण वेतन रोककर रखने के लिए दोषी कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए हैं।

**अवैध कॉलोनी बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें:** कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनी बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। साथ ही शासन के प्रावधानों के तहत अवैध कॉलोनियों को वैध करने की कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने कहा संबंधित राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों को कदापि विकसित न होने दें।

**विशेष ग्राम सभाओं में फसल सर्वे की सूची का वाचन कराएँ:** बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागो के जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर 15 सितम्बर को जिले की हर ग्राम पंचायत में 15 सितम्बर को ग्राम सभाओं का आयोजन होगा।

### पुलिस ने कंजरों के डेरे से हाथ भट्टी की 400 लीटर अवैध कच्ची शराब की जप्त

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में अवैध कच्ची एवं जहरीली शराब बनाने व बैचने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। अभियान के दौरन अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जयराज कुबेर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना भितरवार क्षेत्रांतर्गत ग्राम चक मियांपुर एवं गोलपुरा कंजरों के डेरा पर हाथ भट्टी की अवैध कच्ची शराब बनाई जा रही है। मुखबिर की सूचना पर से अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाना भितरवार पुलिस को मुखबिर की सूचना की तस्दीक कर अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी भितरवार अभिनव बारंगे के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए दिनांक 13.09.2021 को थाना प्रभारी भितरवार श्रीमती राजकुमारी परमार द्वारा मुखबिर की सूचना की तस्दीक कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

## ओम श्रीशुभ-लाभ कंपनी पर स्टेट जीएसटी का छापा



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश में MP-GST की टीम ने ओम शुभ-लाभ कंपनी के दफ्तरों पर सोमवार को एक साथ सर्वे की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई ग्वालियर, भोपाल, इंदौर और श्योपुर शहरों में एक साथ की गई है। लगातार कर चोरी की सूचना विभाग को मिल रही थी। जिस पर ग्वालियर में इस कार्रवाई में MP-GST विभाग की टीम IIITM संस्थान के पास कंपनी के मालिक गिर्राज बंसल के ऑफिस पहुंचे हैं। यहां GST की टीम ने काफी संख्या में दस्तावेज चेक किए हैं। दस्तावेज यहां से जांच के लिए विभाग के दफ्तर भी पहुंचाए गए हैं। कार्रवाई की पुष्टि विभाग के पीआरओ अरुण प्रताप सिंह भदौरिया ने की है।

ओम शुभ-लाभ एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बारे में बता दें यह कंपनी ग्वालियर-चंबल अंचल के साथ ही हाल में प्रदेश की बड़ी फूड चेन कंपनी के रूप में चर्चित हुई है। कंपनी का किराना और खाद्य तेल का काम है। हाल ही में भिंड में कंपनी ने बड़ी डील की है। कंपनी स्मार्ट वाइफ नाम से डिपार्टमेंटल स्टोर की चेन संचालित करती है। हाल ही में कुछ नई फैक्ट्री भी खरीदी हैं। सबसे ज्यादा चर्चा में कंपनी उस समय आई थी, जब कोविड पीरियड में लोगों को सरकारी निशुल्क आटे के पैकेट बांटे गए थे। उस समय कंपनी की ओर से जो आटा पैकेट बांटे गए थे, उनमें से ज्यादातर में 10 किलो की जगह कहीं 8 किलो, कहीं 6 किलो आटा ही मिला था। इसे कांग्रेस ने भी मुद्दा बनाया था।

### एक साथ शुरू की गई कार्रवाई

सोमवार को MP-GST विभाग की टीमों ने एक साथ कंपनी के ग्वालियर, भोपाल, इंदौर और श्योपुर स्थित दफ्तरों पर छापा मारा है। कंपनी के मालिक गिर्राज बंसल का मुख्य ऑफिस ग्वालियर के हजीरा स्थित IIITM संस्थान के पास है। यहां सुबह ही टीम पहुंच गई थी। इसके अलावा भी कंपनी के शहर में कुल 5 ऑफिस हैं। सभी जगह एक साथ MP-GST की टीम ने पहुंचकर रिकॉर्ड जब्त किया है। रिकॉर्ड का मिलान स्टोर, सेल और परचेस से किया जा रहा है। जिससे तस्ज्ञ का घालमेल पता चल सके।

### इन कंपनियों के ऑफिस पर चल रही है कार्रवाई

ग्वालियर में ओम श्रीशुभ लाभ एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, ओम श्रीशुभ लाभ एग्रीटेक रिटेलर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, श्री परमसुख एडिबन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, बीपी फूड प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड, ओम श्रीशुभ लाभ एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड कल्याणपुर ग्वालियर के शहर में 5 से ज्यादा दफ्तारों और गोदामों पर MP-GST की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। काफी संख्या में दस्तावेज व रिकॉर्ड जब्त किया गया है। कितने की कर चोरी शाम तक सामने आई थी यह साफ नहीं हो सका था।

## पैरा ओलंपियन केनो खिलाड़ी किरार समाज की बेटी प्राची यादव (किरार) का सम्मान

**ग्वालियर।** किरार समाज का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाली केनो स्पोर्ट की पैरा ओलम्पिक खिलाड़ी प्राची यादव जी सम्मान समारोह कार्यक्रम आज दिनांक 12 सितंबर 2021 किरार भवन गांधी रोड पर किरार क्षत्रिय समाज एवं किरार क्षत्रिय न्यास लोक न्यास के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता किरार क्षत्रिय लोक न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष आदरणीय गजराज सिंह मास्टर ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री जगदीश यादव, आदरणीय रघुनाथ सिंह यादव आई साहब, महिला अध्यक्ष श्रीमती खुशबू यादव ,महासभा युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज सिंह राजपूत जी कांग्रेस युवा नेता संजय सिंह यादव मंचासीन रहे कार्यक्रम संचालन प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाज सेवी छात्रावास अधीक्षक रघुनाथ टीआई साहब एवं राजकुमार राजपूत ने किया




कार्यक्रम के शुभ अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ परशुराम सिंह राजपूत ,सोनू दिग्विजय सिंह राजपूत जी ,सत्येंद्र सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव आर पी वर्मा ,महेश जी, गोविंद राजपूत एवं महिला मोर्चा की महामंत्री प्रीति राजपूत सहित मातृशक्ति एवं समाज बंधु उपस्थित हुए कुमारी प्राची यादव (किरार) का विक्रम अवार्ड में चयन होने पर अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती खुशबू यादव एवं उनकी जिला इकाई द्वारा शॉल श्रीफल नारियल भेंट कर सम्मान किया गया प्राची यादव ने मंच से समाज को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मैंने फिजिकल कॉलेज एल एन आई पी सी ट्रेनिंग ली बचपन में स्विमिंग कंपटीशन में भाग लिया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीते मेरे कोच आदरणीय डबास सर जी द्वारा मुझे केनो खेलने के लिए प्रोत्साहित किया और मैंने बहुत मेहनत करके कम समय में दिन-रात प्रैक्टिस कर अपने खेल को और मजबूत किया मेरे लिए है गौरव की बात है कि मैं भारत की तरफ से पहली ऐसी महिला पैरा ओलंपियन खिलाड़ी बनी जिसने पैरा ओलंपिक में हिस्सा लिया मेने देश के लिए आठवां स्थान प्राप्त किया इसके लिए मैं अपने पिता एवं अपने कोच धन्यवाद देती हूं मेरा सम्मान करने के लिए आप सभी समाज बंधुओं को हृदय से धन्यवाद अर्पित करती हूं।

## जेठ ने रिश्ते किए तार-तारः चार महीने से मायके में रह रही छोटे भाई की पत्नी को पति की बीमारी का हवाला लेकर बुलाया, बंधक बनाकर जेठ ने किया दुष्कर्म



**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक युवक ने अपने छोटे भाई की पत्नी को बंधक बनाकर उसकी आबरू लूट ली। चार महीने से मायके में रह रही छोटे भाई की पत्नी को उसके पति की बीमारी पर बातचीत करने के बहाने बुलाकर जेठ ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। घटना कंपू के टापू मोहल्ला की है। घटना के बाद पीड़ित बहू ने शोर मचाया तो अन्य परिजन भी वहां पर आ गए । परिवार की बदनामी का हवाला देकर मामले को रफा दफा करने का दबाव बनाया, लेकिन पीड़ित बहू थाने जा पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कंपू के टापू मोहल्ला निवासी 33 वर्षीय महिला रानी (बदला हुआ नाम) ने शिकायत की है कि पिछले चार माह से वह अपने मायके में रह रही थी। रविवार की शाम उसकी सास ने उसे कॉल कर बताया कि उसके पति की तबियत खराब है। इसका पता चलते ही वह अपनी दोनों बच्चियों के साथ ससुराल आई। यहां पर आते ही उसके जेठ ने उसे बात करने के बहाने ऊपरी मंजिल पर बने एक कमरे में बुलाया। जब वह वहां पर पहुंची तो उसने दरवाजा बंद कर दिया। जब उसने विरोध किया तो बातचीत गंभीर होने की बात कही। इस पर वह अंदर कमरे में चली गई और अंदर पहुंचते ही जेठ ने उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं बदनाम करने की धमकी देकर मारपीट भी की।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478